हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025



# पीएम मोदी के पराक्रम से देश बुलंदियों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिवस 17 सितंबर को भाजपा ने धूम धाम से मनाया। सेवा सुशासन व गरीब कल्याण को लेकर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो के तहत भारतीय जनता पार्टी आरंग विधानसभा ने सेवा पखवाड़ा के तहत अपने विविध कार्यक्रमो का शुभारंभ कर उनका जन्मदिन मनाया। क्षेत्रीय विधायक व कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन गुरु खुशवंत साहेब ने आरंग विधानसभा के मन्दिरहसौद में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित हो रहे /"सेवा पखवाड़ा-2025/" के अंतर्गत स्वच्छता अभियान व सेवा कार्य का शुभारंभ किया। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित कर सभी का स्वास्थ्य व कुशलक्षेम जाना, उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए 11 साल बेमिसाल के तहत हुए कार्यो की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए हुए मोदी जी के जन्मदिवस पर दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना उन्होंने की। सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा द्वारा आरंग विधानसभा के चारो मंडलो में सफाई अभियान व सेवा कार्य हुए जिसमे आरंग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में श्याम कुमार नारंग जिलाध्यक्ष भाजपा रायपुर ग्रामीण ने भी आरंग मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मरीजो को फल वितरण कर हाल चाल जाना। साथ ही आरंग मण्डल द्वारा आरंग स्थित मंत्री कार्यालय के बाहर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर शाम को हलुआ वितरण भी किया गया। समोदा मंडल में कार्यकर्ताओं ने मोदी जी का जन्मदिवस केक काटकर मनाया व प्राचीन शिव मंदिर नदी किनारे पर जिला महामंत्री छोटलाल सोनकर व मंडल अध्यक्ष देवकुमार साहू के नेतृत्व में स्वक्षता अभियान चलाया। अटल नगर नया रायपुर मंडल ने मंडल अध्यक्ष टेशवन बघेल के नेतृत्व में ग्राम चीचा स्थित पवित्र जोड़ा जैतखाम परिसर पर साफ सफाई किया गया। आरंग में जिला रायपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष शिवशंकर वर्मा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री अशोक सिन्हा, आरंग मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, महामंत्री द्वय अशोक चंद्राकर, राकेश सोनकर, मंदिरहसौद में मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा, चंदखुरी नगर पंचायत अध्यक्ष साथ प्रतीक बैस, कुलेश्वर बैस, रामजी वर्मा, सुखीराम लहरे, अटलनगर चीचा में मनोज यादव, कौशल तारक, रिंकू चंद्राकर,महेश यादव, मोनू निर्मलकर,समोदा में पिलाराम निषाद, महामंत्री द्वय विष्णु धीवर, गजेंद्र वर्मा, सहित सभी जगहों पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व नागरिकगण उपस्थित रहे।

मोदी के जन्मदिन पौधारोपण सहित विविध कार्यक्रम हुए





## भाजपा ने मंदिरहसौद में सेवा पखवाड़ा का किया आयोजन

आरंग। गुरुवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिन पर मंदिरहसौद मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत मंदिरहसौद में शिव मन्दिर बड़े तालाब में स्वच्छता अभियान चलाते हुए सफाई की एवम स्वास्थ केंद्र मरीजो को फल वितरण किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के केबिनेट मंत्री गुरु खुशवन्त साहेब ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई का अभियान नहीं, बल्कि यह जीवनशैली में बदलाव का एक संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जिन पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। मंत्री ने आगे कहा कि स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने गरीब, किसान और मध्यमवर्गीय परिवारों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। उन्होंने डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने देश को विकास की नई दिशा दी है। उन्होंने आगे कहा कि बीते 11 वर्षों में देश की आधारभूत संरचना मजबूत हुई है। आधुनिक सड़कें, रेल और हवाई सेवाएँ तैयार हुई हैं और भारत ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को और अधिक सशक्त किया है। मंत्री गुरु खुशवन्त साहेब ने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि स्वच्छता अभियान को हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझकर आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, सेवा और विकास ही प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को विश्वगुरु बनाने का मार्ग है। इस अवसर पर प्रतीक बैस नगर पंचायत अध्यक्ष चंदखुरी, गोपाल वर्मा मंडल अध्यक्ष मंदिर हसौद, कुलेश्वर बैस, रामजी वर्मा, सुखी राम लहरे, गजेंद्र यादव, महेश यादव, लक्ष्मी नारायण सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश बघेल, संदीप जोशी, भूपेंद्र कुर्रे, राघवेंद्र मानिकपुरी, राजेश वर्मा, अशोक वर्मा, बल्ला यादव, सोमनाथ यादव, पुनीत यादव,रोहितवर्मा, विनोद साहू, यशवंत यादव, चंद्रशेखर साहू, यश शुक्ला, मनीष साहू, मंदिर हसौद नगर पालिका पार्षद गण, छाया पार्षद, सभी कार्यकर्ता गण सहभागी रहे।

## पीएम के जन्मदिन पर बैहार मे चला स्वच्छता अभियान



आरंग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर सेवा एवं स्वच्छता शुभारंभ किया गया। आरंग नगर पालिका के अंतर्गत वार्ड 16 बैहार में स्वर्गीय नकुल देव ढीढी जी के आदमकद प्रतिमा स्थल पर साफ सफाई कर मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया एवं स्कूल परिसर पर स्वच्छता अभियान के साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भाजपा के जिला अध्यक्ष के हाथों मरीजो को फल वितरण किया गया। स्थानीय नेताजी चौक पर भारत माता के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया व आम जनों को मिष्ठान वितरण कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु होने की कामना की गई। ईस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष श्याम नारंग, शिव शंकर वर्मा, अशोक सिन्हा एवं सेवा स्वच्छता पखवाड़ा के विधानसभा संयोजक गणेश साहू, अशोक चंद्राकर, विजय अग्रवाल, वेद प्रकाश देवांगन, राकेश सोनकर, शेखर साहू, डॉ. तोषण साहू, सुशील जलछत्री, दिलीप जलछत्री, मानु जलछत्री, लीला ध्रुव, विक्की साहू, बसंती साहू, खूबचंद साहू समेत भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पालिका का स्वच्छ भारत मिशन प्रारंभ

अभनपुर। नगर पालिका परिषद अभनपुर में मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 की शुरुआत की गई। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी ने हरी झंडी दिखाकर अभियान को रवाना किया। कार्यक्रम में पार्षद नीलकमल गिलहरे, बीरेंद्र सिन्हा, डोमेन्द्र साहू, चंपा लेदेकर सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। शासन के निर्देशानुसार यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा। इस दौरान नगर पालिका क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। अभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर, 25 सितम्बर और 02 अक्टूबर को नगर के विभिन्न स्थलों पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा तथा सफाई कर्मचारियों का सम्मान भी किया जाएगा।

## पीपला ने मुक्तिधाम में चलाया स्वच्छता अभियान, दिया संदेश



आरंग। बुधवार को नगर के स्वयंसेवी संस्था पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा है के तहत नगर के मुक्तिधाम की साफ सफाई किए। ज्ञात हो कि 16 से 30 सितंबर तक पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत लोगों को सचेत व जागरूक करने स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठन भी बढ़ चढ़कर भाग ले रहे हैं और स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को प्रेरित व जागरूक कर रहें हैं। वही मुक्तिधाम की साफ सफाई में फाउंडेशन से दूजेराम धीवर, महेन्द्र कुमार पटेल, कोमल लाखोटी, प्रतीक टोंड्रे, संजय मेश्राम, अभिमन्यु साहू, नीरज साहू ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

खबर संक्षेप



### पीएम मोदी के जन्मदिन पर श्रमिकों का किया सम्मान

तिल्दा नेवरा। 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा की जयंती के साथ-साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का भी जन्मदिन है। इस अवसर पर आज तिल्दा नेवरा वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद श्रीमती रानी सौरभ जैन द्वारा सासाहोली स्थित अपने कार्यालय में राज मिस्त्री संघ के साथिओ का स्वागत तिलक वंन्दन कर गमछा पहनाकर उनका सम्मान किया गया, साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव का जन्मदिन भी मनाया गया।

### कराते और बैडमिंटन स्पर्धा के लिए गांधी स्कूल के विद्यार्थियों का चयन



आरंग। गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल आरंग के विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बैडमिंटन एवं कराटे खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। बैडमिंटन में कक्षा 10 के तेजस पटनायक ने जिला स्तर पर विभिन्न विद्यालयों से आए हुए अंडर-17 बालक वर्ग के विद्यार्थियों के बीच प्रतियोगिता में आरंग ब्लॉक की ओर से शामिल होकर, संभाग के लिए शीर्ष पांच खिलाड़ियों में अपना नाम दर्ज कराया। अब ये संभाग स्तर पर रायपुर संभाग की ओर से सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार जिला स्तर कराटे में विद्यालय की दो छात्राओं कृतिका साहू कक्षा 9वीं तथा आर्याश्री कक्षा 8 ने क्रमशः अंडर 17 माइनस 70 किलो वर्ग एवं अंडर 14 माइनस 48 किलो वर्ग में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए संभाग हेतु सुची में अपना–अपना नाम दर्ज कराया।

## विश्वकर्मा की जयंती पर की पूजा-अर्चना



तिल्दा नेवरा। शहर व क्षेत्र में बुधवार को भगवान श्री विश्वकर्मा जी की पूजा हर्षोल्लाह श्रद्धा पूर्वक मनाया गया, क्षेत्र के श्री नाकोडा पाइप्स इंपैक्स में पूजा अर्चना कर भोग भंडारा आयोजित की गई, यहां प्लांट के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए। इसी तरह से परसदा के हाईटेक पॉवर एंड स्टील लिमिटेड में भी भगवान विश्वकर्मा जी की विशेष पूजा अर्चना किया गया। प्लांट के प्रमुख कमल अग्रवाल सहित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए और पूजा में शामिल हुए। वही तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में भी भगवान श्री विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित कर विशेष पूजा अर्चना किया गया।

## भगवान विश्वकर्मा की अंचल में जयंती मनाई



तरपोंगी। तरपोंगी अंचल में भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाया गया।सुबह से ही देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा अर्चना में कारीगर,मिस्त्री श्रमिक जुटे हुए है।औद्योगिक संस्थानो के साथ साथ गांवो में भी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित किया गया है।दिन भर धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। राज मिस्त्री,मशीन चालक,बढ़ई आदि कारीगरी के काम करने वाले श्रमिको ने सामूहिक रूप से भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाते हुए पूजा किया। इस उत्सव में ग्रामीण भी बड़ी संख्या में भाग ले रहे है। औद्योगिक संस्थानो आदि जगहों पर विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित किया गया है।

## सीएम विष्णु देव का मंत्री खुशवंत गुरु की उपस्थिति में स्वागत



आरंग। राजागुरु धर्मगुरु परम पूज्य गुरु बालदास साहेब के दिव्य मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में सतनाम धर्म महासभा तथा सतनामी समाज छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी एवं सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री निवास पहुँचकर मुख्यमंत्री से मुलाकात की और गुरु खुशवंत साहेब को कैबिनेट मंत्री का दायित्व प्रदान करने हेतु अभिनंदन पत्र भेंट कर आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का सतनामी समाज के प्रति आत्मीय सहयोग, संवेदनशीलता और मार्गदर्शन निरंतर प्राप्त हो रहा है। भाजपा सरकार समाज की उन्नति, प्रगति एवं समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रतिनिधि मंडल को संबोधित करते हुए कहा कि परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ निरंतर आगे बढ़ रहा है। बाबा जी का आशीर्वाद सदैव प्रदेशवासियों पर बना रहे। बाबा जी के मनखे–मनखे एक समान का संदेश हम सबके लिए प्रेरणादायी है। इस गरिमामयी अवसर पर परम पूज्य गुरु बालदास साहेब जी की पावन उपस्थिति एवं आशीर्वाद से समाजजनों में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ।

## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नौरंगे का हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सालिक नौरंगे का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आरंग मे भव्य स्वागत सम्मान कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम मे खंड चिकित्सा अधिकारी आरंग डॉ विजय लक्ष्मी अनंत ने नौरंगे का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया और जिलाध्यक्ष बनने के लिए बधाई व शुभकामनायें दी। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंदी टोप्पो ने साल भेट कर बधाई दी। सभी सेक्टर पर्यवेक्षक एवं कर्मचारीयों ने श्रीफल एवं पुष्प हार से स्वागत किया संघ के प्रांतीय सह सचिव रुनू दत्ता ने बधाई देते हुए कहाँ की नौरंगे विगत 6 वर्ष से संघ के आरंग ब्लॉक अध्यक्ष रहकर कर्मचारी हित मे बहुत काम किया है। सबको साथ लेकर चलने तथा कर्मचारियों की समस्याओ को दमदारी से उठाने, अच्छे नेतृत्व कर्ता गुण होने के कारण आज संघ ने बड़ी जिम्मेदारी देकर जिलाध्यक्ष बनाया है जिससे सभी कर्मचारियो मे हर्ष है। प्रभारी बीईई महेश चंद्राकर ने बधाई देते हुए उनके नेतृत्व और कर्मचारी मुद्दों पर मुखरता से आवाज उठाने की तारीफ किया। नवनियुक्त प्रांतीय सह सचिव रुनू दत्ता एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य अरविन्द चंद्राकर का भी स्वागत सम्मान किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ Q/ तह./ वाचक/ 2025

मंदिर हसौद, दिनांक 08.09.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गणेश जैन पिता स्व. पुनमचंद जैन एवं अन्य 03, निवासी-24 रिक्रीयेशन रोड चौबे कालोनी जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम नवागांव, प.ह.नं. 15, रा.नि.मं. मंदिर हसौद तहसील - मंदिर हसौद जिला - रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 47/1, 48/1 रकबा 0.2100, 0.9200 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख मे आवेदकगण के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक मे दर्ज है। आवेदित भूमि नवा रायपुर, अटल नगर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत होने के फलस्वरूप विक्रय किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक22.09.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मंदिर हसौद (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) आरंग जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**सूचना का प्रकाशन**

रा. प्र. क्रमांक 202411112400016 अ / 6 वर्ष 2024-25

पक्षकार प्रशांत चौबे वि. किसुन राम यादव, ग्राम कुटेशर तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.)

प्रति

किसुन राम यादव पिता स्व. बोधन यादव निवासी ग्राम बडगांव, तहसील आरंग जिला रायपुर

एतद द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरंग, जिला रायपुर छत्तीसगढ़ के न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 202411112400016 अ/6 वर्ष 2024-25 में दिनांक 24/09/2025 को राजस्व प्रकरण में उपरोक्त उत्तरवादीगण की उपस्थिति हेतु नियत है ।

उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत तिथि को उपस्थित रहने हेतु प्रभावित पक्षकार को सूचना प्रकाशन के माध्यम से उपस्थित रहने की सूचना जारी किया जाता है। वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि मे उपस्थित होना सुनिश्चित करे नियत पेशी तिथि में अनुपस्थिति की दशा मे उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

सूचना का प्रकाशन आज दिनांक 11/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अंजन मांझी पिता श्री अनुप मांझी एवं अनुप कुमार मांझी पिता श्री कालीपाड़ा मांझी, दोनों निवासी-3 - शाहपुर, पश्चिम मिडनापुर, पश्चिम बंगाल ने विक्रेता दीपक सदाशिव ढोबले पिता श्री सदाशिव ढोबले, निवासी-म.नं. 3838, सुराना निवास, सी-89, कमल विहार, एम.एम.आई. हॉस्पिटल के पास, सेक्टर-5, रायपुर, तह. व जिला रायपुर छ.ग. के आधिपत्य व स्वामित्व की संपत्ति जो वाके मौजा-ग्राम- डूंडा, प.ह.नं. 51, रा.नि.मं. रायपुरा, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित रायपुर विकास प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 4 कमल विहार, सेक्टर-4 के अंतर्गत पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक डी-361, खसरा नंबर 117 एवं 118 का भाग रकबा 102.50 वर्गमीटर अर्थात 1102.90 वर्गफुट है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रीम बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित किया है। मात्र बैनामा पंजीयन शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त संव्यवहार पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी। अतः सूचना जाने।

दिनांक - 17/09/2025

भवदीय
पुष्कर साहू (अधिवक्ता)
एस - 2डी / 52, सेक्टर-3, स्ट्रीट नं. 3, प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर
तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.)
मो. 99261-69448

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

जारी दिनांकः 17/09/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-जोरा, प.ह.नं. 66 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री/आवेदिका श्रीमती गुलशन कुमार पिता/पति, गिरधारी लाल निवासी बसना द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 10/226, रकबा 0.014 हे. के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 25/08/2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 24/09/2025 को 01.00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर- 09 (तेलीबांधा)

शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परम पूज्य पिता श्री विश्वनाथ घोष जी का स्वर्गवास दिनांक 06.09.2025 शनिवार को हो गया है, जिसकी तेरही संस्कार दिनांक 18.09.2025 दिन गुरूवार को सुनिश्चित हुआ है।

अतः उक्त अवसर पर सम्मिलित होकर मृत आत्मा को शांति प्रदान करने की कृपा करें।

स्व. श्री विश्वनाथ घोष जी

तेरहवीं संस्कार
समय शाम 7 बजे से
कार्यस्थल : 8064, बरडिया विहार, अमलीडीह रजत प्राइम के पास, रायपुर

शोकाकुल
जयदेव घोष,
आलोक पाण्डेय, मुकेश अवस्थी, रमेश अग्रवाल, नवीन शर्मा, देवाशीष राय, कुलदीप साहू, सुमीत दत्ता, मो. 8871291453

बिजनेस साइट

## थीमैटिक इनवेस्टिंग में अनुशासन पहले से तय सोच को मात देने में सक्षम



मनोज कुमार जैन
डायरेक्टर, अनमोल कैपिटल, रायपुर

रायपुर। इंसान होने के नाते, हम अक्सर अपने दिल की बात को अपने दिमाग पर हावी होने देते हैं। हम उस पल में जो सही लगता है, उसे अपना लेते हैं बजाय इसके कि जो व्यावहारिक या लॉन्गटर्म तौर पर फायदेमंद हो।

यह जीवन के कई पहलुओं में दिखाई देता है। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य को ही लें। हम जानते हैं कि सलाद या मेवों का एक कटोरा हमारे शरीर के लिए बेहतर है, फिर भी हम चिप्स के एक पैकेट की ओर खिंचे चले जाते हैं। या पैसों के विकल्पों पर विचार करते हैं। एक मामूली कार हमारी आय और ईएमआई क्षमता के अनुकूल हो सकती है, लेकिन हम उस लग्जरी मॉडल को खरीदने के लिए अपनी वित्तीय स्थिति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं जिसका हमने हमेशा सपना देखा है। ये मानवीय प्रवृत्तियां - हालांकि स्वाभाविक हैं - हमें विफल कर सकती हैं। अच्छी खबर यह है कि इन्हें व्यवस्थाओं और नियमों से रोका जा सकता है। उदाहरण के लिए, हफ्ते में एक बार चीट मील खाने का नियम बनाने से हमें स्वस्थ खाने के साथ अनुशासित रहने में मदद मिलती है। या एक सामान्य नियम तय करना कि ईएमआई आय के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, हमें वित्तीय रूप से जरूरत से ज्यादा खर्च करने से रोकता है।

यही बात इक्विटी निवेश पर भी लागू होती है। यहां, डर, लालच, टालमटोल जैसे मानवीय पूर्वाग्रह अक्सर निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करते हैं और वेल्थ क्रिएशन को पटरी से उतार देते हैं। जैसे-जैसे व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांत और बाजार व इंडस्ट्री की गतिशीलता बदलती है, हमें समय पर इस तरह प्रतिक्रिया देनी चाहिए जिससे पोर्टफोलियो को लाभ हो। इसके अलावा एक तरीका यह हो सकता है कि रिटर्न बेहतर करने के लिए उच्च क्षमता वाले सेक्टर्स या थीम में निवेश बढ़ाया जाए और लोकप्रियता खो रहे सेक्टर्स और थीम में निवेश कम किया जाए, इसे थीमैटिक निवेश कहा जाता है। हालांकि, यह जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। निवेशक अक्सर झुंड मानसिकता का शिकार हो जाते हैं, किसी सेक्टर में उसके चरम के बाद निवेश बढ़ा देते हैं या घाटे से बचने के लिए किसी असफल सेक्टर से बहुत देर से बाहर निकल जाते हैं।

इसका समाधान थीमैटिक म्यूचुअल फंड्स पर भरोसा करना है, जो शोध, अनुशासन और डेटा-आधारित फ्रेमवर्क का उपयोग करके बेहतर प्रदर्शन करने वाले सेक्टर्स की पहचान करते हैं और उनमें निवेश करते हैं और कम प्रदर्शन करने वाले सेक्टर्स से बाहर निकल जाते हैं। थीमैटिक म्यूचुअल फंड्स या फंड्स ऑफ फंड्स को आउटसोर्स करके, हम भावनाओं को दूर कर सकते हैं और निवेश दक्षता में सुधार कर सकते हैं, जिससे हमारे दीर्घकालिक निवेश परिणामों में काफी सुधार होता है।

ऐसा ही एक फंड जिसमें निवेश के लिए निवेशक विचार कर सकते हैं, वह है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल थीमैटिक एडवांटेज फंड (एफओएफ)। यह एफओएफ रणनीतिक रूप से सेक्टर-फोकस्ड और थीमैटिक फंड्स के मिश्रण में पूंजी लगाता है। 31 अगस्त, 2025 तक, इसने 3 साल की सीएजीआर 19.14 प्रतिशत, 5 साल की सीएजीआर 24.34 प्रतिशत और शुरुआत से 15.35 प्रतिशत सीएजीआर के साथ मजबूत रिटर्न दिया है।

**-:: नाम परिवर्तन ::-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मैं **धर्मेन्द्र झाबक** पिता स्व. श्री हरख चंद जैन निवासी- 10, लालगंगा विहार, जी.ई. मार्ग, रामकुंड, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मेरे पुत्र का पुराना नाम **यजश झाबक (YAJASH JHABAK)** पिता श्री धर्मेन्द्र झाबक को त्याग कर नया नाम **जैनील जैन (JAINEIL JAIN)** पिता श्री धर्मेन्द्र जैन रख लिया हूं। अतः आज से मेरे पुत्र को समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में उसके नए नाम जैनील जैन (JAINEIL JAIN) पिता श्री धर्मेन्द्र जैन से ही जाना पहचाना जावे।

**धर्मेन्द्र झाबक**
**पिता स्व. श्री हरख चंद जैन**
**निवासी-10, लालगंगा विहार, जी.ई. मार्ग, रामकुंड, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सीएम साय ने स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का किया शुभारंभ, सफाई वाहनों को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कालेज परिसर में स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने रायपुर नगर निगम और अन्य नगरीय निकायों की स्वच्छता को समर्पित डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्री साय ने झाड़ू लेकर स्वयं परिसर की सफाई की और स्वच्छता का संदेश आम जनता तक पहुंचाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अपने आसपास को साफ-सुथरा रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान प्रदेशभर में विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे, इसमें सभी नागरिकों की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विशेषकर युवाओं को इस अभियान से जुड़ने के लिए आव्हान करते हुए कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता और स्वप्रेरणा से जुड़ाव समाज में सकारात्मक बदलाव लाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को याद करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा स्वच्छता पर जोर देते हैं और उन्होंने देश को स्वच्छ बनाने का बड़ा लक्ष्य रखा है। हमें इसे आगे बढ़ाने के लिए अपनी जिम्मेदारी प्राथमिकता से निभानी चाहिये।

## 11 हजार लाभार्थियों को कराया गृह प्रवेश

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 और लोक कल्याण मेला का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न नगरीय निकायों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 11 हजार लाभार्थियों को गृहप्रवेश भी कराया। मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम में राज्य स्तरीय स्वच्छता सुपरलीग के टूल किट का विमोचन किया। उन्होंने रायपुर नगर निगम के दिवंगत कर्मचारियों के परिजनों को अनुंकपा नियुक्ति पत्र भी दिये। श्री साय ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने उदबोधन में कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 11 सालों में देश के एक-एक व्यक्ति की चिंता की है। सबका साथ सबका विकास के ध्येय पर चलते हुए देश को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। स्ट्रीट वेंडर को आगे बढ़ाने और उनके कल्याण के लिए भारत सरकार प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 लेकर आई है। आज से पूरे प्रदेश में यह लागू हो रहा है। इस मौके पर स्वागत भाषण नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराव राजू ने दिया। कार्यक्रम में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे सहित एमआईसी सदस्य, पार्षदगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### स्टालों का किया अवलोकन

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा लगाये गये विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0, सीएसपीडीसीएल, क्रेडा की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना, कचरा संग्रहण और उसके प्रबंधन की प्रक्रिया संबंधी मॉडल तथा स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके आजीविका मूलक कार्यो और गतिविधि की भी जानकारी ली। महिला वेंडरों को ऑनलाइन लेन-देन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए यूपीआई साउंड बाक्स डिवाइस प्रदान किया।

## साय ने मुख्यमंत्री निवास में भगवान विश्वकर्मा जयंती पर की पूजा अर्चना



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तथा छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री ने संसार के प्रथम वास्तुकार एवं सृजन-निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के श्रमवीर प्रदेश की प्रगति और निर्माण के वास्तविक आधार स्तंभ हैं। श्रम की सार्थकता और सृजन की भावना को समाज में प्रतिष्ठित करने का श्रेय भगवान विश्वकर्मा को जाता है। विश्वकर्मा जयंती का यह अवसर हम सभी को समर्पण और ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा देता है।



## महादेवघाट में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ, विधायक मूणत, महापौर मीनल हुए शामिल

महादेवघाट में बुधवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े की शुरुआत रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे, एमआईसी सदस्य सुमन -अशोक पांडे ने की। इस मौके पर विधायक राजेश मूणत और महापौर ने हनुमान मंदिर के समीप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम से पौधा रोपित किया। अभियान का शुभारंभ महापौर मीनल चौबे ने महादेवघाट में सुलभ शौचालय के समीप झाड़ू लगाकर कचरा उठाकर किया। नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देश पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ के अवसर पर नगर निगम जोन 8 के अंतर्गत माधवराव सप्रे वार्ड के महादेवघाट रायपुरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुलभ शौचालय के पास श्रमदान कर सफाई की गई। रायपुरा स्कूल के विद्यार्थियों सहित स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक बनाया गया। कार्यक्रम में विधायक राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे, एमआईसी सदस्य सुमन-अशोक पांडे, वार्ड पार्षद महेंद्र औसर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन शर्मा, जोन 8 कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अनुराग पाटेकर, उप अभियंता लोचन प्रसाद चौहान, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा सहित रायपुरा स्कूल के विद्यार्थी, गणमान्यजन उपस्थित रहे।

- महापौर ने महादेवघाट के पास झाड़ू लगाकर की सफाई, स्वच्छता का दिया संदेश
- रायपुरा स्कूल के विद्यार्थियों, नागरिकों को बनाया जागरूक

# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचीं, बच्चों ने सुनाया बाल-गीत

## केंद्रीय मंत्री ने जिले के निमोरा मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर प्रवास पर पहुंची केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रायपुर जिले के ग्राम निमोरा स्थित मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र-1 का अवलोकन करते हुए यहां बच्चों और गर्भवती महिलाओं को दिया जाने वाला पूरक पोषण आहार और अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान अन्नपूर्णा देवी ने बच्चों से भी बातचीत की। बच्चों ने भी उन्हें बाल गीत सुनाया।

**आंगनबाड़ी केंद्र में ईसीसीई गतिविधि से बच्चों के संपूर्ण विकास में मिल रही मदद :** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आंगनबाड़ी में बच्चों के विकास और सुपोषण के लिए जो कार्य किया जा रहे हैं, वह सराहनीय हैं। आंगनबाड़ी केंद्र में ईसीसीई गतिविधि के तहत पोषण के साथ पढ़ाई भी कराई जा रही है, जिससे बच्चों के सम्पूर्ण विकास में मदद मिल रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह के आठवें संस्करण की शुरुआत की गई है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि इसके वे भी सहभागी बनें। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म की और बच्चों का अन्नप्राशन कराया, साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के हितग्राहियों से मुलाकात की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने बच्चों को फल एवं उपहार प्रदान किया एवं स्वस्थ बालक-बालिका प्रतियोगिता और पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी परिसर में अमरूद, जामुन और आम का पौधा रोपण किया।

### मंत्री और अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त सचिव लव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव शम्मी आबिदी, महिला एवं बाल विकास विभाग के संचालक पी.एस. एल्मा, कलेक्टर गौरव सिंह और अपर कलेक्टर नम्रता जैन, डीपीओ शैल ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साय ने कहा- श्रमवीर समाज की रीढ़ उनके योगदान से ही विकसित छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर राजधानी रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित श्रमिक महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ के निर्माण और विकास में श्रमवीरों की भूमिका अतुलनीय है। श्रमवीर समाज की रीढ़ हैं और उनके योगदान से ही विकसित छत्तीसगढ़ तथा विकसित भारत का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के परिश्रम और योगदान की सराहना करते हुए कहा, श्रमवीरों के उत्साह और भागीदारी से प्रदेशवासियों के सपने पूरे होंगे। इस अवसर पर उन्होंने भगवान विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दीं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर के मेहनतकश श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया। उन्होंने घोषणा की कि दीदी ई-रिक्शा योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये की जाएगी। इसी प्रकार मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना के अंतर्गत श्रमिकों को मकान निर्माण के लिए दी जाने वाली सहायता राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये की जाएगी। साथ ही, पंजीकृत श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज का संपूर्ण खर्च अब श्रम विभाग द्वारा किया जाएगा।



### श्रमिकों के साथ खड़ी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया और बीते 11 वर्षों से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जनहितैषी कार्यों से प्रदेश के विकास को नई गति दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ की रजत जयंती पर हम सभी श्रमवीरों के परिश्रम को नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार श्रमिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है, चाहे वह स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा हो या आवास और औजारों की सुविधा, सरकार हर कदम पर श्रमिकों के साथ खड़ी है।

### श्रमिकों के खाते में 65.16 करोड़ अंतरित

मुख्यमंत्री ने बताया कि 1 लाख 84 हजार 220 श्रमिकों के खातों में श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना, मिनीमाता महतारी जतन योजना, निर्माण श्रमिक मजदूर सुरक्षा उपकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण योजना, छात्रवृत्ति योजना आदि के अंतर्गत 65 करोड़ 16 लाख 61 हजार रुपये से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है। उन्होंने कहा, पारदर्शिता हमारी सरकार की पहचान है। किसानों और श्रमिकों का पैसा सीधे उनके खातों में पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में शुरू किए गए ई-श्रम पोर्टल से श्रमिकों को बड़ी राहत मिली है।

### ये रहे उपस्थित

समारोह में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मुणत, मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ. राम प्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त चौबे, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, श्रम विभाग के सचिव हिम शिखर गुप्ता, संयुक्त सचिव फरिहा आलम, अपर आयुक्त श्रम एसएल जांगड़े, सविता मिश्रा, छत्तीसगढ़ भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सचिव गिरीश रामटेके सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ Q/ तह./ वाचक/ 2025

मंदिर हसौद, दिनांक 08.09.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गणेश जैन पिता स्व. पुनमचंद जैन एवं अन्य 03, निवासी-24 रिक्रीयेशन रोड चौबे कालोनी जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम नवागांव, प.ह.नं. 15, रा.नि.मं. मंदिर हसौद तहसील - मंदिर हसौद जिला - रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 47/1, 48/1 रकबा 0.2100, 0.9200 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख मे आवेदकगण के नाम पर संयुक्त रूप से भूमिस्वामी हक मे दर्ज है। आवेदित भूमि नवा रायपुर, अटल नगर विकास प्राधिकरण के अंतर्गत होने के फलस्वरूप विक्रय किये जाने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक22.09.2025 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 08.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार मंदिर हसौद (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) आरंग जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**सूचना का प्रकाशन**

रा. प्र. क्रमांक 202411112400016 अ / 6 वर्ष 2024-25

पक्षकार प्रशांत चौबे वि. किसुन राम यादव, ग्राम कुटेशर तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.)

प्रति

किसुन राम यादव पिता स्व. बोधन यादव निवासी ग्राम बडगांव, तहसील आरंग जिला रायपुर

एतद द्वारा आप को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आरंग, जिला रायपुर छत्तीसगढ़ के न्यायालय के विचाराधीन प्रकरण क्रमांक 202411112400016 अ/6 वर्ष 2024-25 में दिनांक 24/09/2025 को राजस्व प्रकरण में उपरोक्त उत्तरवादीगण की उपस्थिति हेतु नियत है।

उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत तिथि को उपस्थित रहने हेतु प्रभावित पक्षकार को सूचना प्रकाशन के माध्यम से उपस्थित रहने की सूचना जारी किया जाता है। वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि मे उपस्थित होना सुनिश्चित करे नियत पेशी तिथि में अनुपस्थिति की दशा मे उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

सूचना का प्रकाशन आज दिनांक 11/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री अंजन मांझी पिता श्री अनुप मांझी एवं अनुप कुमार मांझी पिता श्री कालीपाड़ा मांझी, दोनों निवासी-3 - शाहपुर, पश्चिम मिडनापुर, पश्चिम बंगाल ने विक्रेता दीपक सदाशिव ढोबले पिता श्री सदाशिव ढोबले, निवासी-म.नं. 3838, सुराना निवास, सी-89, कमल विहार, एम.एम.आई. हॉस्पिटल के पास, सेक्टर-5, रायपुर, तह. व जिला रायपुर छ.ग. के आधिपत्य व स्वामित्व की संपत्ति जो वाके मौजा-ग्राम- डूंडा, प.ह.नं. 51, रा.नि.मं. रायपुरा, तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) स्थित रायपुर विकास प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 4 कमल विहार, सेक्टर-4 के अंतर्गत पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक डी-361, खसरा नंबर 117 एवं 118 का भाग रकबा 102.50 वर्गमीटर अर्थात 1102.90 वर्गफुट है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रीम बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित किया है। मात्र बैनामा पंजीयन शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त संव्यवहार पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी। अतः सूचना जाने।

दिनांक - 17/09/2025

**भवदीय**
**पुष्कर साहू (अधिवक्ता)**
**एस - 2डी / 52, सेक्टर-3, स्ट्रीट नं. 3, प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 99261-69448**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-09, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

**जारी दिनांकः 17/09/2025**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम-जोरा, प.ह.नं. 66 रा.नि.मं.-09 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक श्री/आवेदिका श्रीमती गुलशन कुमार पिता/पति, गिरधारी लाल निवासी बसना द्वारा धारित भूमि खसरा नंबर 10/226, रकबा 0.014 हे. के सीमांकन हेतु आवेदन माननीय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के न्यायालयीन आदेश दिनांक 25/08/2025 के परिपालन में आवेदित की भूमि के सीमांकन हेतु स्थल निरीक्षण मेरे द्वारा दिनांक 24/09/2025 को 01.00 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त खसरा नंबर के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों, व्यक्ति, संस्था तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि आप नियत दिनांक के पूर्व पटवारी कार्यालय में अथवा ऊपर उल्लेखित दिनांक को आवेदित स्थल में अपनी भूमि के दस्तावेज सहित उपस्थित होवें और दस्तावेज के अनुरूप दावा-आपत्ति समक्ष प्रस्तुत करें। इसके उपरांत किसी दावा / आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक रायपुर- 09 (तेलीबांधा)**

# किफायती आवास योजना पर सरकार ने बनाए नियम, मंगाई दावा-आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने किफायती आवास योजना के नियम बनाए हैं। इन नियमों को राजपत्र में प्रकाशित करने के साथ ही नियमों पर 15 दिनों में दावा आपत्ति मंगाई गई है। किफायती आवास योजना का मतलब ऐसी आवासीय इकाइयां जिनमें भूखंड का क्षेत्रफल 150 वर्ग मीटर एवं प्रति इकाई अधिकतम क्षेत्रफल 90 वर्गमीटर होगा। कालोनी के संबंध में कहा गया है ऐसा क्षेत्र जो भूखंडों से इस प्रकार विभाजित हो कि मूलभूत सेवाएं जैसे की सड़क,पानी, बिजली, जल-मल निकासी, निवासियों को उपलब्ध कराती हों। इसमें समूह आवास के अंतर्गत निर्माण शामिल होगा। खास बात ये है कि यह योजना नवा रायपुर अटल नगर में लागू नहीं होगी। यह योजना प्रादेशिक परियोजना क्षेत्रों, या विशेष योजना क्षेत्रों में लागू होगी।

### कृषि भूमि पर बन सकेगी कालोनी

इस योजना के तहत कोई कॉलोनाइजर, कोई व्यक्ति या संस्था कृषि सहित किसी अन्य भूमि को भूखंडों या समूह आवास में विभाजित करने के प्रयोजन के लिए उस क्षेत्र का विकास करते हुए कालोनी की स्थापना कर सकता है। आवासीय भूखंडीय या भूखंडीय सह प्रकोष्ठ के लिए क्षेत्रफल 2 से 10 एकड़ हो सकता है।

**शोक संदेश**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परम पूज्य पिता श्री विश्वनाथ घोष जी का स्वर्गवास दिनांक 06.09.2025 शनिवार को हो गया है, जिसकी तेरही संस्कार दिनांक 18.09.2025 दिन गुरूवार को सुनिश्चित हुआ है।

अतः उक्त अवसर पर सम्मिलित होकर मृत आत्मा को शांति प्रदान करने की कृपा करें।

स्व. श्री विश्वनाथ घोष जी

तेरहवीं संस्कार
समय शाम 7 बजे से
कार्यस्थल : 8064, बरडिया विहार, अमलीडीह रजत प्राइम के पास, रायपुर

शोकाकुल
जयदेव घोष,
आलोक पाण्डेय, मुकेश अवस्थी, रमेश अग्रवाल, नवीन शर्मा, देवाशीष राय, कुलदीप साहू, सुमीत दत्ता, मो. 8871291453

बिजनेस साइट

# थीमैटिक इनवेस्टिंग में अनुशासन पहले से तय सोच को मात देने में सक्षम



**मनोज कुमार जैन**
डायरेक्टर, अनमोल कैपिटल, रायपुर

**रायपुर।** इंसान होने के नाते, हम अक्सर अपने दिल की बात को अपने दिमाग पर हावी होने देते हैं। हम उस पल में जो सही लगता है, उसे अपना लेते हैं बजाय इसके कि जो व्यावहारिक या लॉन्गटर्म तौर पर फायदेमंद हो।

यह जीवन के कई पहलुओं में दिखाई देता है। उदाहरण के लिए, स्वास्थ्य को ही लें। हम जानते हैं कि सलाद या मेवों का एक कटोरा हमारे शरीर के लिए बेहतर है, फिर भी हम चिप्स के एक पैकेट की ओर खिंचे चले जाते हैं। या पैसों के विकल्पों पर विचार करते हैं। एक मामूली कार हमारी आय और ईएमआई क्षमता के अनुकूल हो सकती है, लेकिन हम उस लग्जरी मॉडल को खरीदने के लिए अपनी वित्तीय स्थिति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं जिसका हमने हमेशा सपना देखा है। ये मानवीय प्रवृत्तियां - हालांकि स्वाभाविक हैं - हमें विफल कर सकती हैं। अच्छी खबर यह है कि इन्हें व्यवस्थाओं और नियमों से रोका जा सकता है। उदाहरण के लिए, हफ्ते में एक बार चीट मील खाने का नियम बनाने से हमें स्वस्थ खाने के साथ अनुशासित रहने में मदद मिलती है। या एक सामान्य नियम तय करना कि ईएमआई आय के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, हमें वित्तीय रूप से जरूरत से ज्यादा खर्च करने से रोकता है।

यही बात इक्विटी निवेश पर भी लागू होती है। यहां, डर, लालच, टालमटोल जैसे मानवीय पूर्वाग्रह अक्सर निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करते हैं और वेल्थ क्रिएशन को पटरी से उतार देते हैं। जैसे-जैसे व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांत और बाजार व इंडस्ट्री की गतिशीलता बदलती है, हमें समय पर इस तरह प्रतिक्रिया देनी चाहिए जिससे पोर्टफोलियो को लाभ हो। इसके अलावा एक तरीका यह हो सकता है कि रिटर्न बेहतर करने के लिए उच्च क्षमता वाले सेक्टर्स या थीम में निवेश बढ़ाया जाए और लोकप्रियता खो रहे सेक्टर्स और थीम में निवेश कम किया जाए, इसे थीमैटिक निवेश कहा जाता है। हालांकि, यह जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। निवेशक अक्सर झुंड मानसिकता का शिकार हो जाते हैं, किसी सेक्टर में उसके चरम के बाद निवेश बढ़ा देते हैं या घाटे से बचने के लिए किसी असफल सेक्टर से बहुत देर से बाहर निकल जाते हैं।

इसका समाधान थीमैटिक म्यूचुअल फंड्स पर भरोसा करना है, जो शोध, अनुशासन और डेटा-आधारित फ्रेमवर्क का उपयोग करके बेहतर प्रदर्शन करने वाले सेक्टर्स की पहचान करते हैं और उनमें निवेश करते हैं और कम प्रदर्शन करने वाले सेक्टर्स से बाहर निकल जाते हैं। थीमैटिक म्यूचुअल फंड्स या फंड्स ऑफ फंड्स को आउटसोर्स करके, हम भावनाओं को दूर कर सकते हैं और निवेश दक्षता में सुधार कर सकते हैं, जिससे हमारे दीर्घकालिक निवेश परिणामों में काफी सुधार होता है।

ऐसा ही एक फंड जिसमें निवेश के लिए निवेशक विचार कर सकते हैं, वह है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल थीमैटिक एडवांटेज फंड (एफओएफ)। यह एफओएफ रणनीतिक रूप से सेक्टर-फोक्सड और थीमैटिक फंड्स के मिश्रण में पूंजी लगाता है। 31 अगस्त, 2025 तक, इसने 3 साल की सीएजीआर 19.14 प्रतिशत, 5 साल की सीएजीआर 24.34 प्रतिशत और शुरुआत से 15.35 प्रतिशत सीएजीआर के साथ मजबूत रिटर्न दिया है।

**-:: नाम परिवर्तन ::-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मैं **धर्मेन्द्र झाबक** पिता स्व. श्री हरख चंद जैन निवासी- 10, लालगंगा विहार, जी.ई. मार्ग, रामकुंड, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मेरे पुत्र का पुराना नाम **यजश झाबक (YAJASH JHABAK) पिता श्री धर्मेन्द्र झाबक** को त्याग कर नया नाम **जैनील जैन (JAINEIL JAIN) पिता श्री धर्मेन्द्र जैन** रख लिया हूं। अतः आज से मेरे पुत्र को समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में उसके नए नाम जैनील जैन (JAINEIL JAIN) पिता श्री धर्मेन्द्र जैन से ही जाना पहचाना जावे।

**धर्मेन्द्र झाबक**
**पिता स्व. श्री हरख चंद जैन**
**निवासी-10, लालगंगा विहार, जी.ई. मार्ग, रामकुंड, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 31.8 डिग्री
न्यूनतम 23.9 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025

16 नाबालिग लड़के ने अपने से 11 साल बड़ी युवती से...



14 महादेवघाट में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ...



# राज्य में 1800 से ज्यादा नाबालिगों को बना दिया राशन कार्ड का मुखिया, हर माह उठा रहे दुकानों से राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में उचित मूल्य दुकानों के राशन कार्ड बनाने में भी बड़ी गड़बड़ियां हुई हैं। गाइड लाइन के अनुसार किसी भी नाबालिग के नाम पर राशन कार्ड बनाया नहीं जा सकता। इसके बाद भी प्रदेश में 1855 नाबालिगों को मुखिया मानकर उनके नाम पर राशन कार्ड जारी कर दिए गए हैं। ये नाबालिग कार्ड धारक प्रतिमाह उचित मूल्य की दुकानों से राशन भी उठा रहे हैं। इस गड़बड़ी का खुलासा तब हुआ जब वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत प्रत्येक राशन कार्ड के सदस्यों का ईकेवाईसी कराना अनिवार्य किया गया। ईकेवाईसी की प्रक्रिया के बाद विभाग ने अपनी रिपोर्ट में इन आंकड़ों का उल्लेख किया है, जो चौंकाने वाले हैं।

खास खबर

## ईकेवाईसी की प्रक्रिया के बाद विभाग की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

### प्रदेश के कई जिलों में जारी हुए है ये फर्जी राशन कार्ड

विभागीय रिपोर्ट के अनुसार नाबालिगों को मुखिया मानकर प्रदेश में जो फर्जी तरीके से 1855 राशन कार्ड जारी किए गए हैं, वे अलग-अलग जिलों के हैं। सूत्रों के अनुसार इनमें बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, रायगढ़, मुंगेली, कोरबा, जांजगीर, गौरेला पेंड्रा मरवाही, दुर्ग, रायपुर, बस्तर सहित अन्य कुछ जिले शामिल हैं।


प्रदेश में 86200 राशन कार्ड संदेह के दायरे में, डुप्लिकेट आधार से बने, ईकेवाईसी के बाद सामने आए आंकड़े

### यह कहता है नियम

गाइड लाइन के अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र होने की स्थिति में कोई भी सदस्य अलग से कार्ड बनाने की पात्रता नहीं रखता, वहीं 5 वर्ष पूर्ण होने के बाद एक साल के भीतर प्रत्येक बच्चों का ईकेवाईसी कराना अनिवार्य है।

### पुनः परीक्षण कराने के निर्देश जारी

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने 18 वर्ष से कम उम्र के लोगों को मुखिया मानकर जारी किए गए फर्जी राशन कार्डों को पुनः परीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में विभाग के संचालक की ओर से सभी जिला कलेक्टरों को पत्र भी लिखा है। इस पत्र मिलने के बाद संबंधित जिला के खाद्य विभाग ने ऐसे कार्ड धारकों का पता लगाकर उनकी उम्र का परीक्षण कर रहे हैं।

### *86200 लोगों के राशन कार्ड डुप्लिकेट आधार से बने*

*विभाग की रिपोर्ट में पूर्व में यह भी खुलासा हो चुका है कि प्रदेशभर में 86 हजार 2 सौ कार्ड धारक ऐसे हैं, जिनके डुप्लिकेट आधार से राशन कार्ड बने हैं। ये आंकड़े भी ईकेवाईसी प्रक्रिया के बाद सामने आए हैं। रायपुर जिले में सबसे ज्यादा 17 हजार से अधिक डुप्लिकेट आधार से राशन कार्ड बनाए गए हैं। डुप्लिकेट आधार से बने राशन कार्ड धारक भी हर महीने उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न उठा रहे हैं। विभाग ने इसके लिए भी सभी जिलों को इन राशन कार्डों का जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।*

## खबर संक्षेप

### दो अलग-अलग मामलों में 191 पौवा शराब जब्त



**रायपुर।** खमतराई थाने की पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में मुखबिर की सूचना पर एक युवक तथा एक महिला के कब्जे से 22 हजार रुपए से ज्यादा कीमत की शराब जब्त की है। पुलिस ने आरटीओ कार्यालय के पीछे डेरापारा में परदेशी राम तथा बंजारी रोड किनारे धनवंतिन मरकाम के कब्जे से शराब जब्त की है। पकड़े गए दोनों आरोपी घर में चोरी छिपे लोगों को शराब बेच रहे थे।

### ट्रैक्टर, बाइक चोरी करने के आरोप में दो शातिर गिरफ्तार



**रायपुर।** कबीर नगर थाने की पुलिस ने क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों से ट्रैक्टर तथा बाइक चोरी करने के आरोप में दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार ट्रैक्टर, दो ट्रैक्टर ट्रॉली तथा सात चोरी की बाइक जब्त की है। ट्रैक्टर, बाइक चोरी करने के आरोप में पुलिस ने मूलतः बलौदाबाजार निवासी मुकेश साहू, दुर्ग, कुम्हारी निवासी हरजीत सिंह उर्फ रिंकू को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मुकेश को वेदांत वाटिका की तरफ चोरी का ट्रैक्टर ले जाते पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपने साथी का नाम बताने के साथ अन्य स्थानों से ट्रैक्टर, ट्रॉली बाइक चोरी करने की जानकारी दी।

### सेवानिवृत्त निरीक्षक के साथ 77 हजार की ठगी

**रायपुर।** पंडरी थाने में पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त मेकैनिकल निरीक्षक उन्नी नायर ने अज्ञात जालसाज के खिलाफ 77 हजार रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्नी ने पुलिस को बताया है कि उसके पास योनो एसबीआई एप डाउनलोड करने मैसेज के साथ लिंक आया। लिंक क्लिक करने पर जालसाज ने उन्नी का मोबाइल हैक कर अकाउंट से 77 हजार रुपए आहरण कर ठगी का शिकार बनाया।

### मकान, प्रशिक्षण केंद्र में चोरी

**रायपुर।** मुजगहन थाना में एक महिला तथा एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। चिप्स में सीनियर अकाउंटेट के पद पर पदस्थ डूंडा निवासी सूरज साहू ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान का ताला तोड़ कर अज्ञात चोर द्वारा नकदी पांच हजार रुपए, सोने चांदी के जेवर सहित 35 हजार रुपए चोरी कर ले जाने की शिकायत दर्ज कराई है। एक अन्य मामले में दीपा धृतलहरे ने सिलाई मशीन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। दीपा ने पुलिस को बताया है कि धनेली ग्राम पंचायत स्थित पुराना महिला स्वसहायता समूह का भवन है, जहां वो महिलाओं तथा लड़कियों को सिलाई का प्रशिक्षण देती है। अज्ञात चोर भवन में प्रवेश कर दो सिलाई मशीन चोरी कर ले गया।

जांच के दौरान साथ छोड़ रही मशीनें, आने वाले मरीजों को होना पड़ता है निराश

# आंबेडकर अस्पताल की मशीनें एक्सपायर, नई खरीदी नहीं इसलिए जैसे-तैसे निकाला जा रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के मरीजों का सहारा बनने वाले आंबेडकर अस्पताल को आधुनिक बनाने के लिए घोषणाएं तो ढेरों हुईं, मगर लंबे समय से खरीदी नहीं होने की वजह से यहां उपचार व्यवस्था पुरानी और एक्सपायर मशीनों के भरोसे चल रही है। लगातार उपयोग के दौरान कई मशीनें अचानक साथ छोड़ देती हैं, जिससे मरीजों को निराश होना पड़ता है। यहां की कई जांच मशीनें बंद पड़ी हैं। राज्य के बजट में आधुनिकीकरण के लिए 10 करोड़ की घोषणा तो की गई है, मगर अब तक सिटी स्कैन और एमआरआई मशीन तक नहीं आई है।

- आधुनिकीकरण के लिए बजट में 10 करोड़ घोषित, सिटी स्कैन मशीन तक नहीं आई

आंबेडकर अस्पताल वैसे तो प्रदेश का सबसे बड़ा शासकीय अस्पताल होने का दर्जा पाता है, मगर उस हिसाब से यहां सुविधाओं के विस्तार की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा। समय-समय पर आने वाले जिम्मेदार अस्पताल प्रबंधन से जरूरतों को सूचीबद्ध कर प्रस्ताव तो मांगते हैं, मगर इसमें से एक मशीन की खरीदी के लिए धेलाभर राशि खर्च नहीं की जाती। अस्पताल में मरीजों की जांच के लिए लगातार उपयोग की वजह से यहां की ज्यादातर मशीनें पुरानी और एक्सपायर हो चुकी हैं। जरूरतों के हिसाब से इसे बदलने की आवश्यकता है, मगर अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है। पिछले दिनों विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल यह स्वीकार चुके हैं कि इस सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में मौजूद छोटी, बड़ी और मध्यम में कुल 161 मशीनों में से 50 मशीनें बंद पड़ी हैं।

हरिभूमि सरोकार

इसके अलावा कई बड़ी मशीनें चालू तो हैं, मगर वे कालातीत हो चुकी हैं। सबसे बड़ी समस्या एमआरआई और सिटी स्कैन की जांच को लेकर होती है। नयी मशीन की खरीदी और अन्य अस्पताल के अन्य आधुनिकीकरण के लिए राज्य के बजट में 10 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया था, मगर अब तक उस राशि की मदद से मरीजों को राहत देने के लिए एक भी खरीदी नहीं की गई है।

### इस तरह की पुरानी मशीन

- सीटी स्कैन और एमआरआई मशीन 13 साल पुरानी। लाइफ खत्म हो चुकी अक्सर काम करने के दौरान बिगड़ने की शिकायत
- कैंसर विभाग सीटी सिम्युलेटर मशीन, लीनियर एक्सरेरट, कोबाल्ट मशीन, ब्रेकीथेरेपी
- डिजिटल रेडियोग्राफी एक्सरे मशीन दो साल पहले एक्सपायर
- ईएनटी विभाग की माइक्रोस्कोप, इंपिडेंस मशीन और आडियोमीटर




### स्टेट ऑफ आर्ट बनाने की योजना थी

पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबंधित डा. बीआर आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय को तीन साल पहले स्टेट ऑफ आर्ट बनाने की योजना थी। इसके लिए 150 करोड़ खर्च कर मरीजों के इलाज के लिए अति आधुनिक मशीन लाने का प्रस्ताव था। शासन के निर्देश पर कालेज और अस्पताल प्रबंधन की मदद से चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जो ठंडे बस्ते में चला गया और अस्पताल अपनी पुरानी मशीनों को भरोसे चल रहा है।

### पैट सीटी और गामा कैमरा पर फैसला नहीं

करीब सात साल पहले करोड़ों रुपये की लागत से कैंसर मरीजों की जांच के उद्देश्य से खरीदा गया पैट सीटी स्कैन मशीन और गामा कैमरा का विवाद अब तक समाप्त नहीं हो पाया है। कैंसर विभाग में लगाई गई इस मशीन से एक जांच भी अब तक नहीं हुई है और मशीन एक्सपायर होने की स्थिति में आ चुकी है। इन मशीनों को शुरू करने अस्पताल में पीपीपी मोड प्रारंभ करने की प्रारंभिक योजना तो बनाई गई, मगर यह विचार आगे नहीं बढ़ पाया। दोनों मशीन केवल चर्चा का विषय बनकर रह गई।

## दिनभर उमस के बाद रात होते ही कुछ देर तेज बारिश



हरिभूम न्यूज ▶▶| रायपुर

दिनभर उमस भरी गर्मी रहने के बाद रात होते ही शहर में कुछ देर तेज बारिश हो गई। वर्षा के प्रभाव से मौसम में थोड़ी ठंडकता आ गई। मौसम विभाग के मुताबिक अब राज्य में वर्षा की तीव्रता में कमी आएगी। झारखंड के ऊपर बना सिस्टम अब बिहार की तरफ चला गया है।

मंगलवार को दिनभर बारिश की गतिविधि होने की वजह से मौसम में ठंडकता आ गई। बुधवार को दिनभर मौसम उमसभरा रहा, जिससे लोगों ने बेचैनी महसूस की। रात होने के बाद थोड़ी देर के लिए मौसम का मिजाज बदला और कुछ देर तक तेज बारिश हुई। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के कुछ इलाकों में भारी बारिश भी हुई। इसमें रामानुजगंज में 80, कापू, सामरी में 60-60, वाड्रफनगर, रायपुर शहरी इलाके एवं मनोरा में 50-50 मिमी. बारिश दर्ज की गई। विशेषज्ञों के मुताबिक एक द्रोणिका मध्यप्रदेश के मध्य भाग से दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक पूर्वी विदर्भ, तेलंगाना और दक्षिण तटीय आंध्रप्रदेश तक विस्तारित है। गुरुवार 18 सितंबर को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

- वर्षा की गतिविधियों में आएगी कमी

## सीएम आज करेंगे रायपुर-राजिम-रायपुर मेमू पैसेंजर नई सेवा की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 18 सितम्बर को रायपुर-राजिम-रायपुर मेमू पैसेंजर नई सेवा का शुभारंभ राजिम रेलवे स्टेशन से प्रातः 10:30 बजे करेंगे। इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं रूपकुमारी चौधरी, विधायक इन्द्रकुमार साहू और रोहित साहू की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

रायपुर-राजिम-रायपुर मेमू पैसेंजर नई सेवा से यात्रियों को सुगम, सुलभ और किफायती यात्रा का विकल्प उपलब्ध होगा। ग्रामीण अंचलों से राजधानी रायपुर का आवागमन अधिक सुविधाजनक बनेगा। राजधानी आने वाले विद्यार्थी, ▶▶|शेष पेज 16 पर

### होंगे आठ कोच

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर और अभनपुर के मध्य संचालित रायपुर-अभनपुर-रायपुर मेमू पैसेंजर ट्रेन का परिचालन अब राजिम तक विस्तार किया जा रहा है। 19 सितम्बर 2025 से नियमित समय-सारणी के अनुसार गाड़ी संख्या 68766/68767 रायपुर-राजिम-रायपुर मेमू पैसेंजर प्रतिदिन दोनों छोर से-राजिम और रायपुर से संचालित होगी। इस ट्रेन में 6 सामान्य श्रेणी के डिब्बे तथा 2 पावरकार सहित कुल 8 कोच होंगे।

## माना, डीडीनगर में 148 खाताधारकों के खिलाफ ठगी का अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोगों के साथ ठगी करने में इस्तेमाल म्यूल आकाउंट की पहचान कर केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के समन्वय पोर्टल की निशानदेही पर पुलिस ने 148 खाताधारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। उक्त खाताधारकों के एचडीएफसी तथा इंडसइंड बैंक में अकाउंट है। खाताधारकों के खिलाफ डीडीनगर तथा माना थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार जिन खाताधारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है, संबंधित बैंकों में उनके अकाउंट जनवरी 2024 से जून 2025 के बीच संचालित हो रहे थे। जिन म्यूल अकाउंट के खाताधारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उनके अकाउंट से देश के अलग-अलग राज्यों से 38 लाख ▶▶|शेष पेज 16 पर

- एक साल के भीतर 38 लाख रुपए ठगी करने का आरोप




### एक हजार रुपए का ई-चालान भेज कर पांच लाख की ठगी

ठगी के एक मामले में अज्ञात जालसाज ने एक महिला को परिवहन विभाग का फर्जी ई-चालान भेज कर मोबाइल हैक कर लिया और उसके अकाउंट से 5 लाख 13 हजार रुपए की ठगी की। संजय नगर निवासी अर्चना भदौरिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसके मोबाइल में 15 सितंबर को परिवहन विभाग का एक हजार ▶▶|शेष पेज 16 पर

## गजब हाल...रविवि ने छात्रों से मुस्कुराने कहा तो रोने लगे विद्यार्थी!




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

विद्यार्थियों को पं.रविशंकर शुक्ल विवि से इतनी अधिक नाराजगी है कि विवि प्रबंधन छात्रों को हंसने भी कहता है तो छात्र रोने लगते हैं। दरअसल, रविवि को बीते माह नैक से ए प्लस ग्रेडिंग मिली है। कई सालों से ग्रेडिंग में सुधार की जद्दोजहद कर रहे रविवि को जब यह उपलब्धि मिली तो उसने अपने मुख्य द्वार पर तख्ती लगा दी-' मुस्कुराइए आप ए प्लस ग्रेड विवि में हैं '। इसके बाद से ही छात्र व्हॉट्सऐप ग्रुप सहित अन्य सोशल साइट्स में इसे शेयर करते हुए अपनी समस्याएं गिना रहे हैं। इसके साथ छात्र रोते हुए इमोजी भी बना रहे हैं। गौरतलब है कि रविवि ▶▶|शेष पेज 16 पर

- नैक से ए ग्रेडिंग मिलने के बाद मुख्य द्वार में रविवि ने चस्पा किए पोस्टर

### परिणाम में देर सहित डिग्री की समस्याएं

छात्र कमेंट सेक्शन में अपनी समस्याएं भी गिना रहे हैं। इसमें समय पर परीक्षा परिणाम प्राप्त नहीं होने से लेकर आवेदन के महीनों बाद भी डिग्री नहीं मिलने जैसी शिकायतें शामिल हैं। कमेंट सेक्शन में छात्रों का कहना है कि वे तब मुस्कुराते जब उनकी समस्याएं सुलझ जाती अथवा उन्हें सच में ए ग्रेड प्लस स्तर की सुविधाएं मिलती। हालांकि छात्रों की यह टिप्पणियां विवि के किसी आधिकारिक ग्रुप अथवा सोशल मीडिया हैंडल में नहीं है। छात्रों द्वारा अपने स्तर पर सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए बनाए गए ग्रुप में इस तरह की चुटीली टिप्पणियां छात्र साझा कर रहे हैं।

छात्र संगठन भी नियुक्त कर रहे अपने पदाधिकारी, गुजर चुकी है मनोनयन की तिथि

# छात्रसंघ गठन की इजाजत नहीं, इसलिए क्लब में एडजेस्ट हो रहे छात्र-नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छात्रसंघ चुनाव पर अघोषित प्रतिबंध तथा मनोनयन के लिए भी आदेश जारी नहीं होने के बाद अब महाविद्यालय क्लब का गठन कर रहे हैं। साहित्यिक क्लब, सांस्कृतिक क्लब, खेल क्लब सहित कई तरह के क्लब निर्माण करके छात्रों को प्रतिनिधित्व प्रदान करने की कोशिश की जा रही है। महाविद्यालयों में नियमित रूप से होने वाले आयोजनों के लिए छात्रों संग मध्यस्थता करने की आवश्यकता होती है। अध्यापन कार्यों की अधिकता होने के कारण प्रत्येक कार्य में प्राध्यापकों को शामिल कर पाना संभव नहीं होता है, इसलिए कई तरह के क्लब बनाकर छात्रों संग समन्वय स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। सत्र की शुरुआत में जारी शैक्षणिक कैलेंडर में अगस्त अंत तक छात्रसंघ गठन की प्रक्रिया पूर्ण करने समय निर्धारित किया गया था। शैक्षणिक कैलेंडर में उल्लेख होने के बाद भी किसी तरह का कोई आदेश जारी नहीं होने के कारण अब महाविद्यालय क्लब गठित कर रहे हैं। यही नहीं, एनएसयूआई और एबीवीपी सहित अन्य छात्र संगठन भी महाविद्यालयों में अपने प्रतिनिधि नियुक्त कर रहे हैं ताकि कोई समस्या होने पर छात्र उनसे संपर्क कर सकें। प्रतिनिधियों के माध्यम से वे छात्रों के मध्य अपनी पहुंच बढ़ाने का भी प्रयास कर रहे हैं।

- साहित्यिक, सांस्कृतिक, खेल सहित कई तरह के क्लब




हरिभूमि लगातार

### हो चुका गठन

कई निजी महाविद्यालयों में क्लब का गठन हो चुका है। छात्रों को प्रतिनिधित्व देने के साथ ही उनके साथ समन्वय स्थापित करने यह आवश्यक है। मेरिट और छात्रों की रुचि अनुसार चयन किया जा रहा है।

\- डॉ.देवाशीष मुखर्जी
सचिव, निजी कॉलेज संघ

### *रद्द किया गया था मनोनयन*

*छात्रसंघ चुनाव ना होने की स्थिति में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मनोनयन का आदेश जारी किया जाता था। मेरिट आधार पर छात्रों का चुनाव करके सूची विश्वविद्यालयों को सौंपनी होती थी। मनोनयन आदेश भी जारी नहीं होने की स्थिति में महाविद्यालय स्वतः मेरिट आधार पर छात्रों को प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त कर देते थे। शैक्षणिक सत्र 2022-23 में भी यह फॉर्मूला अपनाया गया। जुलाई-अगस्त में एडमिशन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रावीण्य सूची के आधार पर छात्र मनोनित किए गए। इसके 6 माह बाद जनवरी में आदेश जारी कर महाविद्यालयों-विश्वविद्यालयों को निर्देश दिए गए कि वे मनोनित पदाधिकारियों को पद से हटाते हुए छात्रसंघ गठन की प्रक्रिया शून्य ही रखें। इस कारण महाविद्यालय मनोनयन से भी बच रहे हैं। इसके विकल्प के रूप में वे क्लब निर्माण कर रहे हैं। इसके लिए किसी विशेष आदेश की आवश्यकता नहीं होती है। महाविद्यालय अपने स्तर पर इसका गठन कर सकते हैं।*

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### नुआखाई उत्सव पर गूंजे छग-ओडिशा के स्वर

**रायपुर।** गुढ़ियारी भारत माता चौक में रविवार 14 सितम्बर को जुहार परिवार की ओर से नुआखाई उत्सव का आयोजन किया गया। संजय नाग ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मौके पर छत्तीसगढ़ के गायक सुनीन सोनी और माधुरी शर्मा तथा ओड़िसा के कलाकार डमरू टांडी ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन के साथ सांस्कृतिक मेलजोल की एक सुंदर मिसाल पेश की।

## निधन

### सावित्री बेन राठौर

**रायपुर।** दीनदयाल नगर निवासी सावित्री बेन राठौड़ का 17 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 सितंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से महादेव घाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी।



### रूखमणी बावनकर

**रायपुर।** सुंदरनगर डंगनिया मोड़ निवासी रूखमणी बावनकर (78) का 17 सितंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 सितंबर को दोपहर 2 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे राजेश, हरीश एवं स्व. रमेश बावनकर की माता थीं।



### मीरा बाई गोंदूड़े

**रायपुर।** अमलीडीह निवासी मीरा बाई गोंदूड़े का 17 सितम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 18 सितम्बर को राजेंद्र नगर श्मशानघाट में किया जाएगा। वो जगन्नाथ गोंदूड़े की धर्मपत्नी, नरेंद्र की माताजी एवं गुलशन तथा यश की दादी थीं।



### दिनेश ताम्रकार

**रायपुर।** गीतांजलि नगर निवासी दिनेश ताम्रकार (मुंगेली वाले) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 सितंबर को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे देवेंद्र ताम्रकार के पिता और डॉ शिव तमेर, दिलीप, सूदन, बीनू के भाई थे।



# महाविद्यालयों में छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य दुरुस्त करेंगे मनोवैज्ञानिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

महाविद्यालयों और विवि अध्ययनशालाओं में अब मानसिक स्वास्थ्य सहायता अनिवार्य होगी। इसके लिए यूजीसी द्वारा आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश के बाद अब कैंपस में मनोवैज्ञानिकों अथवा काउंसिलर्स की नियुक्ति होगी, जो छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए काम करेंगे। हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विवि, एनआईटी सहित राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में पहले से ही यह व्यवस्था है। यहां छात्रों की समस्याएं सुनने और उन्हें उचित सलाह देने काउंसिलर की नियुक्ति की गई है। विधि विवि में नियमित रूप से मनोवैज्ञानिक भी अपनी सेवाएं देते हैं। जिन छात्रों को चिकित्सीय सुविधाओं की आवश्यकता होती है, उन्हें इससे सहायता मिलती है। इसके उलट परंपरागत पाठ्यक्रम वाले विश्वविद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विशेष पहल नहीं की जाती है। यही कारण है कि अब व्यवस्था करने आदेश जारी किया गया है। नए दिशा-निर्देश के अनुसार, 100 से अधिक छात्रों वाले संस्थानों में कम से कम एक प्रमाणित परामर्शदाता या मनोवैज्ञानिक होना अनिवार्य है।




■ लॉ यूनिवर्सिटी, एनआईटी जैसे राष्ट्रीय संस्थानों में पहले ही यह व्यवस्था

### अंकों के आधार पर भेदभाव नहीं

कई शैक्षणिक संस्थानों में अधिक अंक वाले छात्रों के लिए पृथक कक्षाएं लगती हैं, जबकि कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए अलग सेक्शन निर्धारित होता है। इस तरह के भेदभाव से छात्र मानसिक रूप से दबाव में आ जाते हैं। इसलिए अब इस तरह की व्यवस्था महाविद्यालयों में नहीं होगी। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयों से कहा गया है कि वे छात्रों पर अत्यधिक ऊंचे लक्ष्य ना थोपें। महाविद्यालयों की छत या ऐसे स्थान जहां से किसी तरह की दुर्घटना संभावित है, वहां भी छात्रों की एंट्री प्रतिबंधित करने कहा गया है। छात्रों में बढ़ती हुई आत्महत्या की प्रवृत्ति को देखते हुए यह नई व्यवस्था की जा रही है।

## महिला आयोग ने कहा- इसकी सुनवाई बाल संरक्षण आयोग में हो पाएगी

# नाबालिग लड़के ने अपने से 11 साल बड़ी युवती से बनाया अवैध रिश्ता

**पीड़िता ने समझौता करने मांगा 50 लाख**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में बुधवार को एक ऐसा मामला आया, जिसमें 17 साल के एक नाबालिग लड़के ने अपने से 11 साल बड़ी एक युवती के साथ अवैध रिश्ता बना लिया। इस प्रकरण में युवती ने शिकायत करते हुए नाबालिग लड़के तथा उसके परिवार से अपने दैहिक शोषण के लिए 50 लाख रुपए की मांग की है, जबकि लड़के की विवाह योग्य उम्र होने में अभी 4 वर्ष शेष है। आयोग का मानना है कि यह मामला नाबालिग लड़के से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसकी सुनवाई अब बाल संरक्षण आयोग करेगा। इसके लिए बाल संरक्षण आयोग को महिला आयोग पत्र भेजेगा।

महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक सहित अन्य सदस्यों ने रायपुर स्थित आयोग की कोर्ट में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक प्रकरण में एक 28 वर्ष की युवती ने शिकायत की थी कि उसका एक लड़के के साथ अवैध रिश्ता है, लेकिन उसकी उम्र 17 वर्ष है। इसकी जानकारी उसे नहीं थी। यह जानकारी उसे तब हुई, जब लड़के द्वारा उसके साथ विवाह करने से इनकार करने पर थाने में शिकायत करने गई थी। थाने में लड़के के पिता ने उसके स्कूल का प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड की कॉपी प्रस्तुत की थी। इस शिकायत पर महिला आयोग में जब सुनवाई हुई, तो लड़के के पिता ने भी जानकारी दी कि 5 माह पूर्व उसने भी बाल संरक्षण आयोग में आवेदिका के विरुद्ध शिकायत की है कि आवेदिका उसके लड़के पर विवाह करने के लिए दबाव बना रही है, जबकि वह अभी नाबालिग है। इधर इस मामले में आवेदिका ने आयोग के समक्ष अपनी बातें रखते हुए कहा कि लड़के के अपनी उम्र छिपाकर उसके साथ रिश्ता बनाया है। अपने साथ हुए दैहिक शोषण के लिए उसने अनावेदक पक्ष से 50 लाख रुपए की मांग की। दोनों पक्षों को सुनने के बाद आयोग ने कहा कि अनावेदक नाबालिग है तथा आवेदिका से 11 वर्ष छोटा है, इस स्थिति में इस प्रकरण का निराकरण महिला आयोग द्वारा किया जाना संभव नहीं है। उन्होंने आवेदिका के आवेदन को मूलतः बाल संरक्षण आयोग में भेजने का आदेश दिया।






### शासकीय कर्मचारियों के बीच विवाद का मामला आयोग पहुंचा

दो शासकीय सेवकों के बीच आपसी विवाद का मामला भी अब महिला आयोग पहुंचने लगा है। आवेदिका एवं आवेदक दोनों विशेष रोजगार कार्यालय में कार्यरत हैं। दोनों के बीच विभागीय कार्य को लेकर विवाद हुआ था, जिसकी शिकायत पर विभाग ने शोक कॉज नोटिस जारी किया था। इस मामले में आयोग ने कहा कि यह विभागीय कार्य की शिकायत का मामला है। इस मामले की शिकायत विभाग के उच्चधिकारियों से की जा सकती है। इस प्रकरण में आयोग विभागीय सचिव को पत्र भेजेगा, ताकि दोनो पक्षों के मध्य विवाद का निराकरण किया जा सके।

# शराब दुकान के आसपास अवैध रूप से संचालित चखना सेंटर हटाए गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आबकारी विभाग एवं नगर निगम रायपुर की संयुक्त टीम ने मंगलवार देर रात टाटीबंध-बिलासपुर मार्ग पर शासकीय शराब दुकान के आसपास अवैध रूप से संचालित चखना सेंटरों को हटाने की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में विभाग ने चखना ठेला संचालक नवल प्रजापति, लवकुश प्रजापति, दुर्गेश प्रजापति एवं बाबूलाल प्रजापति के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 36(C) के तहत प्रकरण कायम किया है।सहायक जिला आबकारी अधिकारी जेबा खान ने बताया कि विभाग को लगातार शिकायत मिल रही थी कि टाटीबंध से बिलासपुर जाने वाले मार्ग पर शासकीय शराब दुकान के आसपास कई लोग अवैध रूप से चखना सेंटर खोल रखे हैं। इनमें कुछ लोग ठेला में चखना सेंटर चला रहे थे। ग्राम सिलतरा के शिकारी पारा एवं मोघाडीह में जांच करते हुए आबकारी उपनिरीक्षक प्रकाश देशमुख ने देवकी पारधी, शोभा खातून इंद्रजीत निषाद के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 36(C) के तहत प्रकरण कायम किया है।

इसी प्रकार ग्राम निमोरा थाना राखी में जांच करते हुए युक्तियुक्त धाराओं के तहत कार्रवाई की। इस कार्रवाई के दौरान जांच टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी डीडी पटेल, रविशंकर पैकरा, कौशल सोनी, आरक्षक रमापति शुक्ला, आर. देवांगन भी शामिल रहे।

■ दवाओं की गुणवत्ता परखने 77 मेडिकल स्टोर्स में पहुंची खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम

# हरिद्वार का पैरासिटामोल जांच में फेल 11 दवा दुकानों से और लिए गए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिद्वार की कंपनी एचएसएन बायोटेक हरिद्वार की पैरासिटामोल की एक बैच एफडीए की जांच में फेल हो गई है। दवा में मिश्रित फार्मूला निर्धारित मात्रा से कम पाया गया है। पिछले दिनों बाजार से उठाए गए 35 सैंपलों की रिपोर्ट आई है, जिसमें 34 को मानकों के अनुरूप पाया गया है। इधर जांच अभियान के दौरान प्रदेशभर की 77 दुकानों की जांच कर संदेह पर 11 दवाओं के सैंपल उठाए गए हैं।

हरिद्वार की दवा कंपनी द्वारा सप्लाई की गई बैच सीपी-30एस-13 बैच की दवा के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए थे। संदेह था कि यह पैरासिटामोल में आवश्यक फार्मूला की मात्रा कम है, जिसकी वजह से यह असरदार नहीं है। जांच में संदेह सही पाए जाने पर संबंधित फर्म के खिलाफ ड्रग एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बीते दिनों राज्य के 77 औषधि प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इसमें खत्री मेडिकल, शारदा मेडिकल, ओम चंद्रवंशी, रियाण पूर्ण मेडिकल कवर्धा, आकाश मेडिकल स्टोर्स कोंडागांव, धवन्तरी मेडिकल भिलाई, संजीवनी मेडिकल पिथोरा, श्रीराम मेडिकल कांकेर, निषाद मेडिकल बलौदाबाजार, वेलकरे मेडिकल सोमनी राजनांदगाव, वेद मेडिकल और सत्यम मेडिकल बसना में अनियमितता पाए जाने पर प्रसाशनिक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। इसमें से 8 फर्मो में सीसीटीवी कैमरा इंस्टॉल नहीं पाया गया, जिन्हें 7 दिवस के भीतर कैमरा लगाने निर्देशित किया गया। जांच के दौरान 11 औषधियों का विधिक नमूना संकलन किया गया एवं जांच के लिए राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया।



### कार्रवाई के निर्देश दिए गए

अमानक दवा के मामले में संबंधित जांच अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में दवा कंपनी से संबंधित राज्य के खाद्य एवं औषधि प्रशासन को सूचना प्रेषित की जाएगी।

**- बीआर साहू**, सहायक नियंत्रक, औषधि एवं खाद्य प्रशासन

# डिग्री हाथ में लेकर युवाओं ने तले पकोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बुधवार को हाथों में डिग्रियां लेकर पकोड़े तलते हुए नजर आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस यूथ कांग्रेस द्वारा बेरोजगारी दिवस के रूप में मनाया गया। रोजगार के घटते अवसरों को देखते हुए विरोध का यह तरीका यूथ कांग्रेस ने अपनाया।

इस दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एमबीए छात्र के वेष में ठेले पर पकोड़े तलते नजर आए। यूथ कांग्रेस ने कहा, इस प्रदर्शन का उद्देश्य यह संदेश देना था कि जब पढ़े-लिखे योग्य छात्र-छात्राओं को उनके कौशल के अनुरूप रोजगार नहीं मिल रहा है, तो उन्हें मजबूरीवश अन्य कार्य करने पड़ रहे हैं। यह प्रदर्शन केंद्र सरकार के रोजगार संबंधी झूठे वादों और असफलताओं को उजागर करने के लिए किया गया।





*राहगीरों को वितरण : प्रदर्शन कर रहे यूकां कार्यकर्ताओं ने कहा, प्रधानमंत्री ने 2014 में दावा किया था कि प्रत्येक वर्ष 2 करोड़ युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। लेकिन आज 11 वर्ष बीत जाने के बाद भी यह वादा अधूरा है। स्थिति यह है कि देशभर में बेरोजगारी दर लगातार बढ़ती जा रही है, लाखों शिक्षित युवा नौकरी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद कश्यप के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रजबंधा मैदान में यह प्रदर्शन किया। युवक कांग्रेस को समर्थन प्रदान करने पूर्व विधायक विकास उपाध्याय भी इसमें शामिल रहे। पार्षद शेख मुशीर, दीक्षा पांडेय, आसिफ खान, अपराजित तिवारी, अमिताभ घोष सहित अन्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल हुए। ठेले पर पकोड़े तलकर राहगीरों को इसका वितरण किया गया।*

## बिजनेस साइट

### इंडियन बैंक को मिला राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

**रायपुर।** गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित पंचम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन 2025 के अंतर्गत हिंदी दिवस समारोह में इंडियन बैंक को वर्ष 2024-25 के लिए राजभाषा कीर्ति तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार बैंक को राजभाषा हिंदी के उत्कृष्ट क्रियान्वयन हेतु लगातार दूसरे वर्ष प्रदान किया गया है। सम्मान समारोह में केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा द्वारा इंडियन बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय के राजभाषा विभाग के महाप्रबंधक मनोज कुमार दास को यह पुरस्कार सौंपा गया। यह उपलब्धि बैंक की हिंदी में कामकाज की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इंडियन बैंक 'ग्राहक की भाषा में ग्राहक सेवा' के सिद्धांत पर चलते हुए देशभर में हिंदी को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।



### जीके इलेक्ट्रिक और राइजवाइज फाइनेंस में टाई-अप

**रायपुर।** ई-मोबिलिटी क्षेत्र में एक अहम कदम उठाते हुए थ्री-व्हीलर ई-व्हीकल निर्माता कंपनी जीके इलेक्ट्रिक ने राइजवाइज फाइनेंस के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस टाई-अप के तहत अब ग्राहकों को जीके इलेक्ट्रिक के पैसेंजर और कार्गो ई-रिक्शा खरीदने के लिए आसान फाइनेंस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर जीके इलेक्ट्रिक के डायरेक्टर पुनित परवानी, सीईओ संजय पंजाबी और राइजवाइज फाइनेंस के स्टेट हेड विप्लव कांबले विशेष रूप से उपस्थित रहे। डायरेक्टर पुनित परवानी ने इस साझेदारी को भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा, हमारा उद्देश्य देश के हर कोने तक किफायती और टिकाऊ ई-मोबिलिटी समाधान पहुंचाना है। राइजवाइज फाइनेंस के साथ हमारा यह टाई-अप ग्राहकों को हमारे थ्री-व्हीलर उत्पादों तक आसान पहुंच प्रदान करेगा।



### मैट्स यूनिवर्सिटी में श्रद्धा और नवाचार के साथ विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

**रायपुर।** मैट्स यूनिवर्सिटी में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने पूजा व हवन में भाग लिया। इस अवसर पर कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. (डॉ.) के. पी. यादव, महानिदेशक प्रीयेश पगारिया, पंजीयक गोकुलनंद पांडा एवं डॉ. बृजेश पटेल (डीन, इंजीनियरिंग) उपस्थित रहे। प्रो. यादव ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा इंजीनियरों को समर्पण और नवाचार की प्रेरणा देते हैं। अतिथियों ने विद्यार्थियों को तकनीकी उत्कृष्टता और रचनात्मकता की दिशा में अग्रसर होने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण और सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ, जिसने तकनीकी शिक्षा व सांस्कृतिक मूल्यों के समन्वय को दर्शाया।



### बैंक ऑफ बड़ौदा में हिन्दी माह का शुभारंभ

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा, रायपुर अंचल कार्यालय में हिन्दी दिवस के अवसर पर हिन्दी माह का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक दिवाकर पी. सिंह और उप महाप्रबंधक डॉ. रमेश कुमार मोहंती उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और बैंक के प्रबंध निदेशक डॉ. देबदत्त चांद के संदेश प्रस्तुत किए गए। श्री सिंह ने हिन्दी को सांस्कृतिक पहचान बताते हुए कार्यालयीन कार्यों में इसके अधिक उपयोग का आग्रह किया। डॉ. मोहंती ने हिन्दी को ग्राहकों से संवाद का सशक्त माध्यम बताया। इस दौरान विविध प्रतियोगिताओं की घोषणा की गई तथा 'तत्पर निष्पादन प्रतियोगिता' का आयोजन भी किया गया। साथ ही, हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य हेतु राजकुमार यादव को 'राजभाषा वैभव पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोमेन्द्र यादव ने किया।



### उड़ान आईएएस एकेडमी में करियर गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन



**रायपुर।** उड़ान आईएएस एकेडमी में मंगलवार को कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस अधिकारी रजत बंसल शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि जीवन में असाधारण सफलता प्राप्त करने के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि जुनून भी जरूरी है। श्री बंसल ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इच्छाशक्ति और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को आत्म-विश्वास बनाए रखने और गलतियों से सीखने की सलाह दी। कार्यक्रम में संस्थान के डायरेक्टर अंकित अग्रवाल ने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए रणनीतियां बताईं। डिप्टी डायरेक्टर रवि गोयल, सीनियर फैकल्टी एमएम आलम व डॉ. योगेश्वर मिश्रा सहित कई शिक्षक व बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित थे।

### प्रणवानंद एकेडमी में पर्यावरण संरक्षण अभियान

**रायपुर।** भारत सेवा श्रम संघ के प्रणवानंद एकेडमी परिसर में पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अखिल भारतीय सह-संयोजक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक राकेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रांत संयोजक धीरेन मिश्रा के सुमधुर गीत से हुई, जिसने पूरे वातावरण को एक सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में महानगर संयोजक उमाकांत मिश्रा, प्रधानाचार्या आनंदित घोष, स्वामी अरुण महाराज तथा महादेव सर भी विशेष रूप से उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राकेश जैन ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि 'वृक्षारोपण, जल संरक्षण, ऊर्जा की बचत और प्लास्टिक के कम उपयोग' से ही हम एक सुरक्षित और स्वच्छ भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं।



### पीएम मोदी के जन्मदिन पर कालीमाता मंदिर में की पूजा-अर्चना, मांगी लंबी आयु की कामना

**रायपुर।** भाजपा सिविल लाइन मंडल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर कालीमाता मंदिर में पूजा अर्चना कर लंबी आयु की कामना की गई। बीजेपी जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने मोदीजी दीर्घायु और लंबी आयु की कामना की। साथ ही बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ ने मोदी के जन्मदिन पर सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रमेश ठाकुर, सुनील कुकरेजा, पार्षद अमर गिदवानी, स्वप्निल मिश्रा, तेजकुमार बजाज, सुनील शर्मा, धनेश मटलानी, शैलेंद्र सिंह, सोमवंशी सुनीता तिवारी, शिव यादव, गायत्री देवांगन, पंडित मनोज शर्मा आदि उपस्थित रहे।



### जयंती और जन्मदिन पर किया महाभंडारा, हजारों भक्तों ने लिया प्रसाद

**रायपुर।** विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्रसादी वितरण समिति समाज सेवकों द्वारा भाठागांव बस स्टैंड रोड साहू ऑटो सर्विस के पास महा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान विश्वकर्मा की जय जय कार किए एवं प्रधानमंत्री की दीर्घायु जीवन के लिए भगवान से कामना की। इस अवसर पर समिति के सदस्य प्रशांत पाण्डेय, मुकेश साहू, स्वर्णजीत साहू, भरत पांडेय, टिकेश यादव, ईश्वर राजू यादव, विनय देवांगन, अजय साहू, विजय पाण्डेय, मधुसूदन संजू देवांगन, खेमू साहू, दीपेश सिंहा, सुशांत अग्रवाल आदि शामिल थे।



## पेज 13 के शेष ...

### सीएम आज करेंगे रायपुर-राजिम-रायपुर...

नौकरीपेशा वर्ग और व्यापारी वर्ग के लिए यह ट्रेन विशेष रूप से उपयोगी होगी। इसके साथ ही इस नई सेवा से छत्तीसगढ़ के प्रयाग-राजिम तक सीधी रेल पहुंच सुनिश्चित होगी, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

### माना, डीडीनगर में 148...

रुपए की ठगी की गई है। साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने बैंक खातों के ट्रांजेक्शन की जानकारी हासिल करने के बाद एफआईआर दर्ज करने पुलिस मुख्यालय को पत्र लिखा। इंडसइंड तथा एचडीएफसी बैंक के जोनल ऑफिस संबंधित थाना क्षेत्रों में होने की वजह से एफआईआर माना तथा डीडीनगर में दर्ज की गई है।

### एक हजार रुपए का ई-चालान...

रुपए का ई-चालान का मैसेज आया। मैसेज के साथ एक लिंक आया था। लिंक क्लिक करने पर वाट्सएप से मैसेज डिलीट हो गया। बुधवार सुबह मोबाइल में बैंक से रुपए आहरण होने का मैसेज आया। इसके बाद महिला थाने में ठगी की शिकायत दर्ज कराने पहुंची।

### गजब हाल...रविवि ने छात्रों...

में मूल्यांकन प्रणाली से लेकर परीक्षा परिणामों विलंब को लेकर कई तरह की शिकायतें विभिन्न स्तर पर प्राप्त होती रहती हैं। इससे संबंधित शिकायतें लेकर छात्र नियमित रूप से विवि में दस्तक देते ही रहते हैं।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

देवताओं के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा...

## लाइव इवेंट

# हिंदी संस्कृति- संस्कार के साथ अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम




**रायपुर।** नेहरू पुस्तकालय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में बुधवार को हिंदी पखवाड़ा की कड़ी में एक प्रेरक पहल की गई। आयोजन का उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना और विद्यार्थियों-शिक्षकों में हिंदी के प्रति सजगता बढ़ाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शैल शर्मा (सेवानिवृत्त प्राध्यापक एवं अधिष्ठाता, भाषा एवं साहित्य अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय) उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि हमारी भाषा, संस्कृति एवं परंपरा की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम हिंदी है। हिंदी हमारी राजभाषा, राष्ट्रभाषा एवं मातृभाषा है। उन्होंने हिंदी की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. आरती गुहे (अधिष्ठाता, पुस्तकालयाध्यक्ष, कृषि महाविद्यालय) ने की। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी आत्मा की आवाज है। हमारे भावों और विचारों को अभिव्यक्त का प्रमुख माध्यम भी है।

### हिंदी के प्रचार का सभी ने लिया संकल्प

विश्वविद्यालय में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर बढ़ते प्रयोग पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। सभी को अपने दैनिक कार्यों में हिंदी को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि संजय नैयर (जनसंपर्क अधिकारी एवं प्रभारी हिंदी प्रकोष्ठ, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय) भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. राममोहन सावू, डॉ. आशुलता कौशल, पुस्तकालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी सहित विद्यार्थियों की भी सक्रिय सहभागिता रही। अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरण के बाद सभी ने हिंदी के प्रचार में योगदान देने का संकल्प लिया।

## मेफेयर गोल्फ एंड लेक रिसॉर्ट्स नवा रायपुर में भारत गोल्फ महोत्सव का आयोजन

# शंखनांद से भारत गोल्फ महोत्सव की ओपनिंग सेरेमनी में देश-विदेश के 115 गोल्फर ने लगाए ड्राइव, पिच शॉट

**मेफेयर गोल्फ एंड लेक रिसॉर्ट्स नवा रायपुर में बुधवार को भारत गोल्फ महोत्सव का सुबह 7 बजे भव्य आगाज हुआ। भारत गोल्फ महोत्सव में देश-विदेश के 115 स्टार गोल्फ खिलाड़ियों ने भाग लिया। गोल्फ खेल के साथ-साथ स्कूली बच्चों द्वारा शंखनाद, मंत्रोच्चारण के साथ गोल्फ मैदान पर पौधरोपण किया गया। जिसमें 5 हजार पौधे स्कूली बच्चों, सेना के जवानों, देश-विदेश से पहुंचे गोल्फ के खिलाड़ियों ने मिलकर लगाया।**



**रायपुर।** अन्नदान के अंतर्गत भंडारा का आयोजन, स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान जैसे आयोजन किया गया। वहीं, शहीद जवानों के परिवार एवं रिटायर्ड जवानों का सम्मान किया गया। इंडिया गोल्फ फेडरेशन के फाउंडर आर्यवीर आर्य ने बताया कि महोत्सव में सुबह से देर रात तक खेल, पर्यावरण, स्वास्थ्य, परोपकार, कला संस्कृति से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें गोल्फ के जरिए देशभर के खिलाड़ी और युवा खेल, स्वास्थ्य और समाज को जोड़ने की पहल की। यह महोत्सव गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने परोपकार फाउंडेशन के साथ मिलकर आर्मी और बीएसएफ के जवानों के साथ पौधरोपण अभियान चलाया। इंडिया गोल्फ फेडरेशन के फाउंडर आर्यवीर आर्य ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि देश की सीमा की रक्षा में लगे जवान हमारे लिए प्रेरणा हैं, इसलिए उनके साथ मिलकर हरियाली बढ़ाना गर्व की बात है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम जनता को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे अपने आसपास हरियाली बढ़ाने में योगदान दें। उन्होंने कहा कि पौधरोपण से न सिर्फ पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, बल्कि स्वस्थ जीवन और समाज में सकारात्मक बदलाव भी आएगा।




### शहीद जवानों के परिवार का किया सम्मान

गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया ने परोपकार फाउंडेशन द्वारा गोल्फ महोत्सव में शहीद जवानों के परिवार, रिटायर्ड आर्मी और बीएसएफ के जवानों का सम्मान किया गया। इंडिया गोल्फ फेडरेशन के फाउंडर आर्यवीर आर्य ने कहा कि देश की सीमा की रक्षा में लगे जवान हमारे लिए प्रेरणा हैं, उनका व शहीद के परिवार का सम्मान हर भारतीय का फर्ज है। महोत्सव में शहीद जवानों के परिवार, रिटायर्ड आर्मी और बीएसएफ के जवानों के शामिल होने से महोत्सव का मान बढ़ा है।



### 5 हजार स्कूली बच्चों ने किया पौधरोपण

गोल्फ महोत्सव में शहर के स्कूल, कॉलेज से सैंकड़ों की संख्या में स्टूडेंट्स शामिल हुए। स्कूली व कॉलेज छात्र-छात्राओं ने शंखनांद व मंत्रोच्चारण के साथ पौधरोपण का शुभ कार्य किया। मेफेयर गोल्फ कोर्स की मैदान पर करीब 5000 पौधों का रोपण किया गया। गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया व परोपकार फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने कहा कि छात्र-छात्राओं के महोत्सव में शामिल होने से उनमें पर्यावरण संरक्षण, परोपकार, खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

### रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

गोल्फ महोत्सव में खिलाड़ियों, अतिथियों, सेना के जवानों, स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए रक्तदान व स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया गया। इसमें सैंकड़ों लोगों ने रक्तदान कर रक्तदान महादान के संकल्प को साकार करने में सहयोग किया। वहीं, विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा हेल्थ चेकअप, मेडिसिन वितरण किया गया। इसमें 5 सौ से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

### 7000 लोगों के लिए भंडारा का आयोजन

इंडिया गोल्फ फेडरेशन के फाउंडर आर्यवीर आर्य ने बताया कि सुबह से लेकर देर रात महोत्सव में पहुंचने वाले अतिथियों के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में करीब 7000 लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे लोगों ने भंडारे का लाभ लिया।

### फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा ने किया विजेताओं को पुरस्कृत

गोल्फ महोत्सव के क्लोजिंग सेरेमनी में शाम 5 बजे फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा शामिल हुए। उन्होंने गोल्फ के विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने गोल्फ फेडरेशन ऑफ इंडिया व परोपकार फाउंडेशन के इस आयोजन में हिस्सा बनाने आभार व्यक्त किया। साथ ही 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' कह कर अभिवादन किया।

# वेलकम पार्टी की धूम, जूनियर्स ने रैम्प वॉक और क्रिएटिव परफॉर्मेंस से बटोरी तालियां

**रायपुर।** प्रगति कॉलेज में बुधवार को नवप्रवेशित छात्रों के स्वागत के लिए वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। फिल्मी गानों की धुन पर शानदार रैम्प वॉक के साथ शुरू हुए इस आयोजन में डीजे बीट्स की गूंज और मस्ती के माहौल ने पूरे कैंपस को उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉ. सौम्या नैयर द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से की गई। उन्होंने छात्रों को छात्र जीवन के नए सफर की शुभकामनाएं दी और कहा, अनुशासन ही जीवन में सफलता की पहली सीढ़ी है। किसी व्यक्ति के संतुलित जीवन का आधार उसका शिष्ट व्यवहार और कार्य के प्रति ईमानदारी होती है, जो उसके श्रेष्ठ व्यक्तित्व को दर्शाता है। वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण राव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को अनुशासन में रहकर समय के मूल्य को समझना चाहिए और अपने लक्ष्य की प्राप्ति पर ध्यान केंद्रित करना होगा।





### वेलकम पार्टी में फिल्मी अंदाज में रैम्प वॉक

वेलकम पार्टी का मुख्य आकर्षण जूनियर्स का रैम्प वॉक रहा, जिसमें सभी छात्रों ने फिल्मी अंदाज में एंट्री ली और रैम्प पर अपने अंदाज से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में सीनियर्स द्वारा रोमांचक और मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें जूनियर्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने डांस, म्यूजिक, एक्टिंग और अन्य क्रिएटिव प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। फ्रेशर पार्टी में बी.कॉम, बीबीए और एम.कॉम से प्रथम वर्ष के छात्र शामिल हुए। इसमें मिस्टर-मिस फ्रेशर शत्रुंजय शुक्ला और अन्शिका शर्मा रही। वहीं, मिस्टर-मिस ईवनिंग करन सोनी पुर्णासी पन्का, मिस्टर-मिस पर्सनालिटी प्रितेश पानी और श्रेया सिंह बने। वहीं, बीबीए से मिस्टर-मिस फ्रेशर का खिताब श्वेतार्क कश्यप और नैन्सी शुक्ला, मिस्टर-मिस ईवनिंग मोक्ष अग्रवाल और आर्या बजाज बने।

# थाल सजाओ प्रतियोगिता में दिखी परंपरा और क्रिएटिविटी की झलक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अग्रवाल समाज की महिला मंडल द्वारा बुधवार को मेहंदी एवं थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता अग्रसेन जयंती महोत्सव के अवसर पर पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित की गई। थाल सजाओ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगियों ने थाल मिरर वर्क, गोल्डन लेस, मोती, कौड़ी, पान पत्ता, रंग-बिरंगे चावल, मोर पंख और फूलों से सजाया। वहीं, आटे से तैयार पूजा की थाली विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें आटे पर डिजाइन कर थाल सजाई गई। वहीं, पत्ते व फूल से सजाया गया।





### मोरपंख, मिरर वर्क और फूलों से सजी थाल

कार्यक्रम में दूसरी ओर महिलाएं मेहंदी प्रतियोगिता में मनपसंद डिजाइनर मेहंदी लगाती नजर आईं। इस दौरान नवरात्रि के खास पर्व पर गरबा खेलती नर्तकी की तस्वीर मेहंदी से बनाई गई। जहां वह ढोल-बाजे की थाप पर गरबा खेलती नजर आ रही है। वहीं, गुरुवार को महिला मंडल द्वारा बच्चों के लिए रंगोली और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समाज की महिलाओं के लिए फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन का भी आयोजन किया गया।

## सिटी इवेंट

# दुर्गा पूजा से पहले मार्केट में बनारसी साड़ियों का क्रेज





**रायपुर।** नवरात्रि में बस कुछ दिन ही बचे हैं। इससे पहले दुर्गा पूजा को खास बनाने के लिए महिलाएं बाजार में न्यू कलेक्शन की तलाश करने लगी हैं। वीकेंड में कपड़ों की दुकानों में भीड़ भी बढ़ने लगी हैं। महिलाएं इन दिनों बनारसी प्लेन और सिल्क साड़ियों की स्टाइलिश डिजाइनर को पसंद कर रही हैं। पूजा से पहले फैशन बाजार में कपड़ों के लेटेस्ट कलेक्शन सबको आकर्षित कर रहे हैं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए कपड़ों का विशेष कलेक्शन उपलब्ध है। रंग-बिरंगी और स्टाइलिश डिजाइनर कलेक्शन से दुकानें सज चुकी हैं। हर दुकान में ग्राहकों के लिए न्यू ऑफर और डिस्कांउट दिया जा रहा है। इससे ग्राहक भी कई तरीके का कलेक्शन खरीद रहे हैं। हरिभूमि ने मार्केट का जायजा लिया और नए कलेक्शन के बारे में जाना।

### शोवर लुक में बनारसी पैटर्न को कर रहे पसंद

साड़ियों के ट्रेंड में साउथ लुक गोल्डन व लाल धागे से डिजाइन किया है, जिसमें बांगली और साउथ दोनों लुक में पहन सकते हैं। शोवर लुक में लड़कियों के लिए बनारसी पैटर्न में साउथ लुक को काफी पसंद किया जा रहा है। डोला सिल्क में दुकानों में कई तरह के पैटर्न व डिजाइन में साड़ियों की खरीदारी की जा रही हैं। हर साड़ियों में हैवी बार्डर वार्क, फ्लावर-पत्ती वार्क जैसे काम व नया पैटर्न देखने को मिला रहा है। दुकानदार के वार्कर कावेरी ने बताया कि साड़ियों की कीमत 800 रुपए से 10000 रुपए के बीच है।



### साड़ियों का पूजा सीजन के लिए खास कलेक्शन

सेल्सवार्कर दिव्या ने बताया कि महिलाएं और लड़कियां पूजा के लिए हैवी व स्टाइलिश डिजाइनर में साड़ियों की खरीदारी कर रही हैं। मार्केट में हर दूसरे दिन कुछ नए कलेक्शन पेश हो जाता है। इस बार साड़ियों में साउथ की कांजीवरम, बंगाल की बालूचेरी, खास कर मधुबी बंधेज, लखनवी, तांत, कॉटन और सिल्क की साड़ियों की कई आकर्षक रेंज उपलब्ध हैं। इसके अलावा लाइट वर्क सिफॉन साड़ी, बॉर्डर वर्क साड़ी, सेमी सिल्क, प्योर सिल्क, फैसी सिल्क, बंगाल की सॉफ्ट ढकाई, जामदानी जैसी साड़ियों की मांग बाजार में होने लगी है। दुर्गोत्सव पर बंगाल की काथा स्टिच, बालूचेरी, साउथ की कांजीवरम, बनारस की कतान बनारसी, बंगाल तांत, बाहा, तसर सहित अन्य साड़ियों के लेटेस्ट कलेक्शन की खरीदारी होने लगी है।

## विश्व बैंबू दिवस पर विशेष, लोगों के बीच बढ़ी बैंबू प्रोडक्ट की उपयोगिता

कॉर्नर न्यूज

# नेचुरल और ऑर्गेनिक लुक देने रसोई से घर की सजावट, बैंबू आधुनिक जीवनशैली का बना हिस्सा



**रायपुर।** शहरी क्षेत्रों में अब लोग अपनी बालकनी और विशेष स्थानों को बैंबू के छोटे पौधों और सजावटी उपकरणों से सजाने लगे हैं। इस ट्रेंड के चलते इंटीरियर डिजाइनर्स को नेचुरल और ऑर्गेनिक लुक देने के लिए खास डिजाइन तैयार करने का काम मिल रहा है। प्रकृति प्रेमी अपने घरों की बालकनी, हॉल, पोर्च और बेडरूम को बैंबू की सुंदर सजावट से सुसज्जित करना पसंद कर रहे हैं। विश्व बैंबू दिवस के अवसर पर हरिभूमि ने शहर के इंटीरियर डिजाइनर्स से घर की सजावट से लेकर रसोई की वस्तुओं में बैंबू के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की। इंटीरियर डिजाइनर ने बताया कि घर की सजावट में बैंबू पौधा, शो-पीस, लैम्प, फर्नीचर और फ्लोरिंग का चलन तेजी से बढ़ रहा है। यह न केवल घर को प्राकृतिक लुक देता है, बल्कि पॉजिटिव एनर्जी का भी अहसास कराता है।





### घर के किचन और सजावट में बढ़ा बैंबू बर्तनों का चलन, युवाओं की खास पसंद

दुकान संचालक युवराज सिंह ने बताया कि महिलाएं अब घर के किचन को क्लासी और नेचुरल लुक देने के लिए बैंबू से बने बर्तनों को अधिक पसंद कर रही हैं। खासतौर पर मेहमानों के लिए चम्मच, कटोरी, प्लेट और गिलास जैसे बर्तन बैंबू से बनाए जा रहे हैं। होटल और रेस्टोरेंट में भी इको-फ्रेंडली विकल्प के रूप में बैंबू की प्लेट्स और बाउल्स का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे व्यंजन को अतिरिक्त सजावट की जरूरत कम हो जाती है। साथ ही, बैंबू से बनी ट्रे और चॉपस्टिक्स भी लोगों की पहली पसंद बन रही हैं, जिन्हें अधिकतर घर पर वेस्टर्न डिश सर्व करने के लिए लिया जा रहा है। बैंबू के बर्तनों का इस्तेमाल विशेष रूप से युवाओं में सबसे ज्यादा देखा जा रहा है।

### प्रकृति प्रेमियों के बीच बढ़ रहा बैंबू से घर सजाने का ट्रेंड

इंटीरियर डिजाइनर अविकार कुमार ने बताया कि बदलते समय के साथ प्रकृति प्रेमी अपने घर के खास स्थानों का डिजाइन प्राकृतिक पेड़-पौधों से कराना पसंद कर रहे हैं। खासतौर पर ड्रॉइंग रूम और बालकनी में बैंबू के पौधों को सजावट और सकारात्मक ऊर्जा के लिए लगाया जा रहा। साथ ही, बैंबू से तैयार शो-पीस, वॉल हैंगिंग और लैम्प घर की सुंदरता को बढ़ा रहे हैं। इंटीरियर डिजाइनिंग के दौरान बैंबू फ्लोरिंग, पार्टिशन और फर्नीचर की मांग भी बढ़ रही है।

### बच्चों के कमरों में पॉजिटिव वाइब के लिए पेड़-पौधे

इंटीरियर डिजाइनर सौरभ सिंग ने बताया कि इन दिनों पेरेंट्स अपने बच्चों के कमरों की दीवारों को बैंबू ट्री से डिजाइन करा रहे हैं। खासतौर पर बच्चों के रूम की एक दीवार पर बैंबू ट्री और किताबें रखने की खास जगह तैयार की जा रही। पेरेट्स के अनुसार, इस सजावट से बच्चों को पढ़ाई के समय बेहतर महसूस होता है और तनाव कम होता है। बैंबू ट्री की ताजगी और प्राकृतिक सुंदरता कमरे में शांति और एकाग्रता बनाए रखने में मदद करती है।

## सिटी लाइव

# संकल्प समिति का रास गरबा 22 से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज मीडिया पार्टनर



**रायपुर।** बीटीआई मैदान में संकल्प समिति के द्वारा रास गरबा आयोजित किया जा रहा है। संकल्प समिति इस वर्ष नवरात्रि पर भव्य रास गरबा उत्सव का आयोजन कर रहा है। मंगलवार को संकल्प नवरात्रि रास गरबा एवं उत्सव समिति बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रास गरबा के पोस्टर का विमोचन किया। यह कार्यक्रम 22 सितंबर से प्रारम्भ होगा। संकल्प समिति द्वारा रास गरबा आयोजन का यह लगातार 14वां वर्ष है। इस दौरान कार्यक्रम प्रमुख संजय श्रीवास्तव सहित मुख्य रूप से संयोजिका अनीता खंडेलवाल, संगीता मिश्रा, सुनीला अग्रवाल, पुष्पा जैन, अमरजीत सिंह, मिलिंद गौतम, अंकुर अग्रवाल, मनोज खुड़िया, राजेश गुप्ता, रिंकू भाखरे, दीपक श्रीवास्तव, सोनम जैन, माला, निधि, कदम उपस्थित रहे। इस रास गरबा कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पार्टनर आईएनएच न्यूज व प्रिंट मीडिया पार्टनर हरिभूमि समाचार पत्र, रेडियो पार्टनर 94.3, मल्टीप्लेक्स पार्टनर पीवीआर सिनेमा है। मुख्य प्रायोजक छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड, सह प्रायोजक न्यू भारत स्वीट्स, को पावर्ड बाय एमएम फन सिटी और अविनाश बिल्डर हैं।

### ऋषभ ने नेशनल 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग कंपटीशन में जीता कास्य पदक




शिवांश इंटरनेशनल स्कूल रायपुर के होनहार छात्र ऋषभ वर्मा ने 10 से 15 सितंबर तक होने वाले नेशनल 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग कंपटीशन में 400 अंकों में 396 अंक प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त कर अपने स्कूल और छत्तीसगढ़ के नाम को गौरवान्वित किया। ऋषभ वर्मा के पिता लोकेश वर्मा व माता सीमा वर्मा ने बेटे की उपलब्धि पर खुशी जताई है।

## धर्म लाइव

# गोपाल मंदिर में रंगोली से रची दान लीला की झांकी, विशेष भोग और श्रृंगार



**रायपुर।** गोपाल मंदिर में धार्मिक आयोजन के अंतिम दिन श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी मंचन किया गया, जिसने भक्तों को भावविभोर कर दिया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि 'दान लीला' के अंतर्गत भगवान श्रीकृष्ण की उन लीलाओं का मंचन किया जाता है, जिनमें वे गोपियों से दही, मक्खन और दूध की हांडी लेकर कर वसूलते हैं। यह आयोजन मथुरा की उन कथाओं पर आधारित होता है, जहां कृष्ण बाल स्वरूप में ठिठोली और चंचलता के साथ धर्म का संदेश देते हैं। महादान एकादशी के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष श्रृंगार और भोग अर्पण किया गया।

### मिट्टी के दस घड़ों में परोसा दूध दही और मक्खन का भोग

मंदिर परिसर में दान घाटी के श्री कृष्ण लीला का अद्भुत दृश्य रंगोली के माध्यम से देखने को मिला, जहां घने वन के बीच गोपियां मटके में मक्खन, दूध, दही दूसरी ओर ले जा रहीं और श्री कृष्ण उनसे कर लेने पहुंचे हैं। जहां वह नटखट अंदाज में अपने ग्वालपाल के साथ लाठी लिए शामिल हुए हैं। महोत्सव में 10 मिट्टी के घड़ों में दूध, मक्खन और दही भगवान को भोग लगाया गया। वहीं, दस प्रकार से फल एवं मिठाई भी प्रसाद स्वरूप अर्पित की गई। इस दौरान प्रतिमाओं पर स्वर्ण-चांदी के आभूषणों से श्रृंगार किया गया, जिनके नजदीक ग्वालपाल और गोपियों की भी प्रतिमाएं सजाई गईं।

## लाइव इवेंट

# अंतरशालेय प्रतियोगिया में 14 स्कूलों से 200 से अधिक छात्रों की उपस्थिति





**रायपुर।** छत्तीसगढ़ी दाऊ अग्रवाल समाज द्वारा संचालित पुरानी बस्ती स्थित जेके दानी स्कूल एवं अग्रसेन पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन किया गया। अग्रसेन महोत्सव में अंतरशालेय प्रतियोगिता के तहत फैंसी ड्रेस, कैरम, चित्रकला एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान 14 स्कूलों से 200 से अधिक छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रदर्शनी के दौरान विजेता प्रतिभागियों को समाज के अध्यक्ष नीलेश अग्रवाल और समिति सचिव पुष्पा अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया।

### फैंसी ड्रेस, कैरम, चित्रकला एवं विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन

विज्ञान मॉडल में प्रथम स्थान भवानी इंटरनेशनल स्कूल से संचित ठाकुर, दूसरा स्थान सर्वोदय शाला से रूचि अग्रवाल को प्राप्त हुआ। वहीं, जूनियर स्तर पर जेके दानी स्कूल की मीनाक्षी पटेल प्रथम और शासकीय स्कूल के शुभम साहू द्वितीय विजेता बने। कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बच्चों का फ्रैंसी ड्रेस स्पर्धा रहा। इसमें भगवान के विभिन्न स्वरूपों की प्रस्तुति दी गई। जहां नन्हे कलाकारों ने एक्ट के साथ, उनकी विशेषताओं पर जोर दिया। इसमें 90 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया, जिसमें महाराणा प्रताप अकादमी से आव्या श्रीवास्तव प्रथम और छत्रपति स्कूल से कृषिका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।



रायपुर। पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर की शाम खारून मइया की समरसता महाआरती की गई। इसमें सीएम विष्णु देव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महापौर मीनल चौबे सहित क्षेत्र के संत-महंत भी आयोजन के दौरान मंचस्थ रहे।

### राजधानी में दिनभर रही विश्वकर्मा जयंती की धूम, उद्योगों और संस्थानों में पूजा के चलते मार्केट में रही रौनक

# देवताओं के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जगह-जगह पूजा, शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों और भजनों की धूम

'देवताओं के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती की धूम बुधवार को दिनभर रही। उद्योगों और संस्थानों में सुबह से पूजा - आरती के चलते भक्तिमय माहौल बना। वहीं, विश्वकर्मा समाज के लोगों ने आकर्षक झांकी के साथ धूमधाम से शोभायात्रा निकाली। बैंडबाजे की धुन पर थिरकते लोग ही नहीं, बल्कि भजनों का गायन करती महिलाओं की टोली जिस क्षेत्र से गुजरी व्यापारियों और समाज से जुड़े लोगों ने पुष्प वर्षा करते हुए आराध्य देव का स्वागत किया। कई संस्थानों में कर्मचारियों का सम्मान किया गया। उत्सव के चलते ही बाजार में पूजा सामग्री की पूछ-परख होने से रौनक रही।'

**रायपुर।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर विश्वकर्मा समाज द्वारा दुलार धर्मशाला बढ़ईपारा से देर-शाम आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई। इसमें समाज के वरिष्ठ सदस्य, महिला मंडल, नवयुवक मंडल और बालिका मंडल विशेष रूप से शामिल हुई। लौह एवं शिल्पकला बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, तात्यापारा वार्ड पार्षद और जोन सात अध्यक्षा श्वेता विश्वकर्मा, मंडल महामंत्री रमेश शर्मा, पूजन समिति के अध्यक्ष सन्नी शर्मा, अश्वनी विश्वकर्मा, प्रमोद विश्वकर्मा, सूरज शर्मा ने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। शोभायात्रा में भगवान विश्वकर्मा के जयकारे की गूंज रही। जिस क्षेत्र से भी भगवान विश्वकर्मा की मनमोहक झांकी निकली लोगों ने उत्साह के साथ उनका स्वागत करते हुए फूल बरसाए।








### डीकेएस में धूमधाम से मनाया गया पूजा उत्सव



डीकेएस सुपरस्पेसिलिटी हॉस्पिटल में विश्वकर्मा जयंती पर विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा की गई। जयंती उत्सव को धूमधाम से मनाते हुए हॉस्पिटल के कर्मचारी और अधिकारी इसमें शामिल हुए। डॉ. शिप्रा शर्मा, डॉ. हेमंत शर्मा, सुरेश होता, महेंद्र यादव, पुनेश्वर, गौतम चंद्राकर, कवीन्द्र यादव, रिया एवीएम ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

### इन मार्गों से होकर निकली भगवान की झांकी

भगवान विश्वकर्मा की शोभायात्रा का जवाहर नगर मंडल द्वारा राठौड़ चौक पर भव्य स्वागत किया गया। इसमें मंडल अध्यक्ष संदीप जंघेल के साथ पदाधिकारी उपस्थित थे। शोभायात्रा बढ़ईपारा स्थित दुलार धर्मशाला से प्रारंभ होने के बाद रामसागर पारा, राठौड़ चौक, तेलघानी नाका, अग्रसेन चौक, आमापारा चौक होते हुए आजाद चौक, तात्यापारा चौक, ललिता चौक होते हुए वापस दुलार धर्मशाला में धार्मिक वातावरण में समापन किया गया। इस दौरान जहां महिलाओं की टोली भजन गायन की श्रृंखला सजा रही थी, वहीं युवाओं के ग्रुप ने व्यवस्था की कमान संभाली। बैंडबाजे की धुन पर उत्साह से झूमते हुए लोग जिस रूट से भी गुजरे, लोगों ने भक्ति भाव से भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हुए पुण्य लाभ भी प्राप्त किया।

### जयंती पर महाराष्ट्र मंडल के 'कर्मवीरों' का सम्मान

महाराष्ट्र मंडल सिर्फ एक अध्यक्ष, सचिव, कार्यकारिणी सदस्यों और पदाधिकारियों से नहीं चल रहा, बल्कि इसकी निरंतर प्रगति के पीछे यहां के कर्मचारियों का समर्पण भी शामिल है। अध्यक्ष और सचिव तो कार्य संचालन की व्यवस्था है, लेकिन मंडल के समाजसेवी कार्यों को मूर्त रूप देने में यहां के कर्मचारियों की अपनी भूमिका है। इन विचारों के साथ अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में कर्मचारियों का सम्मान किया। विशेष अतिथि प्रशांत देशपांडे ने भगवान विश्वकर्मा और स्व. वामन राव लाखे को नमन करते हुए कहा कि कर्मचारियों के अच्छे काम के लिए अच्छे टीम लीडर का होना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सचिव आचार्य चेतन दंडवते ने कहा, मैनेजमेंट की चार आंखें होती हैं, जो प्रगति के लिए रास्ते तय करने में मददगार होती है।



# संस्कृति और मानवीय मूल्यों का बोध कराने वाले गुरुओं का किया सम्मान

**रायपुर।** स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के साथ नैतिक और मानवीय मूल्यों को स्थापित करने में गुरुओं का स्थान सर्वोपरि है। जिले के ऐसे 400 शिक्षकों का सम्मान अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा पारंपरिक तरीके से किया गया। गायत्री परिवार के द्वारा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाता है। गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी द्वारा रविवार को स्कूलों में अतिरिक्त समय देकर परीक्षा के माध्यम से बच्चों में संस्कार जगाने व सदाचार का पाठ पढ़ाने वाले रायपुर जिले के आरंग, धरसींवा, अभनपुर ब्लॉक के 400 शिक्षकों और प्राचार्यों का सम्मान प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह, साहित्य एवं मंत्र चादर से किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा एवं योग आयोग के अध्यक्ष रुपनारायण सिन्हा मंचस्थ रहे। उन्होंने मंच से संस्कार और संस्कृति की अलख जगाने वाले सभी गुरुओं के प्रयास की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया।




### परिवार के ट्रस्टी एवं सदस्यों ने दिया सहयोग

*गायत्री परिवार के प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि शिक्षक सम्मान समारोह का संचालन एसएन राय ने किया। अतिथियों का परिचय दीनानाथ शर्मा और लच्छूराम निषाद द्वारा दिया गया। इसमें प्रमुख रूप से गायत्री परिवार की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रांतीय संयोजक श्याम बैस, प्रांतीय सचिव सदाशिव हथमल व जिला संयोजक रामपाल तिवारी की उपस्थिति में सम्मान समारोह किया गया। समारोह में गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी हनुमान प्रसाद अग्रवाल, शैलेश वर्मा, पत्रिका विभाग के प्रभारी नरेंद्र कुमार आडिल, मोहन उपारकर, बंशी साहू, अजय साहू, आशीष राय, अमित डोये, आरके शुक्ला एवं गायत्री परिजन उत्साह के साथ शामिल हुए। सभी ने समारोह को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग दिया।*

### प्रदर्शनी में सजेंगे 30 से ज्यादा स्टॉल, दिखेगा वस्तुओं का संग्रह

**रायपुर।** दक्षिण कौशल मुद्रा परिषद द्वारा शुक्रवार से रविवार तक तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन रामनाथ भीमसेन भवन समता कॉलोनी में किया जाएगा। इस राष्ट्रीय स्तर आयोजन में 30 से ज्यादा स्टॉल लगाए जाएंगे।। प्रदर्शनी में मुंबई, कोलकाता, मद्रास, दिल्ली, बेंगलुरु, नागपुर एवं छत्तीसगढ़ के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रदर्शनी में फैंसी नंबर के नोट, सिक्के, टेलीफोन, बर्तन, पेजर, मूर्ति, कंपास, रत्न व विभिन्न प्रकार की वस्तुओं का संग्रह देखने को मिलेगा। दक्षिण कौशल मुद्रा परिषद के उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ने बताया कि शहर में इस तरह की प्रदर्शनी पहली बार देखने को मिलेगी। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए लोग सुबह 10:30 से शाम 7:00 बजे आ सकते हैं।





### संस्कृति विभाग के तीन दिवसीय रंग-तरंग संगीत कार्यक्रम के अंतिम दिन कलाप्रेमियों की उमड़ी भीड़

# बांसुरी पर लोक गीत व सितार पर शास्त्रीय संगीत के मधुर धुन सुन श्रोता हुए भावविभोर

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** महंत घासीदास संग्रहालय स्थित मुक्ताकाशी मंच पर तीन दिवसीय रंग तरंग कार्यक्रम का बुधवार को समापन हुआ। मंच पर पारंपरिक वाद्ययंत्रों की जुगलबंदी हुई। विलुप्त हो चुके बांस गीत के वाद्ययंत्र, बांसुरी व सितार की मधुर धुन साधक कलाकारों ने प्रस्तुत किया। सितार पर शास्त्रीय संगीत की धुन, बांसुरी पर पारंपरिक लोक गीतों की तान व बांस गीत धुन बजाकर वादक कलाकारों ने कार्यक्रम में समां बांधा। बुधवार की शाम को संस्कृति विभाग की ओर से आयोजित रंग तरंग वाद्ययंत्र संगम कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक संगीत का लुत्फ उठाने पहुंचे। विभाग की ओर से मंच संचालन कर रहीं कामिनी जोशी ने बताया कि आयोजन में प्रदेश के पारंपरिक व मार्डन वाद्ययंत्रों के साधक कलाकारों को संस्कृति विभाग द्वारा मंच प्रदान किया गया। समापन कार्यक्रम में विविध प्रकार के मनमोहक वाद्ययंत्रों के सुर-ताल व संगीत से प्रतिभागी कलाकारों ने मुक्ताकाशी मंच को सराबोर किया।





### बांसुरी की तान ने मोहा मन

बांसुरी के वादक कलाकार रिकेश सेन ने लोकधुन सुना कर संगीत प्रेमियों के कानों में कोयल सी बांसुरी की मधुर तान घोली। बांसुरी के वादक कलाकार ने बताया कि बांसुरी एक समय हर गीत-संगीत की जरूरत होती थी। आज यह विलुप्त पारंपरिक वाद्ययंत्रों की कतार पर खड़ी है।यह बांसुरी की कला उन्होंने सालों की साधना से पाई है। संस्कृति विभाग की सराहनीय पहल से पारंपरिक वाद्ययंत्रों के हम कलाकारों को मंच प्राप्त हुआ है। इस बात की खुशी है कि संगीत के प्रेमी लोग आज भी बांसुरी की मधुर धुन के दीवाने हैं। दर्शक बांसुरी की धुन सुनकर गदगद हो उठे।



### सितार की तार छेड़ सुनाया शास्त्रीय संगीत की धुन

सितार वादक युवा कलाकार मनोज जयसवाल ने सितार के तारों पर जैसे ही उंगलियां फेरी शास्त्रीय संगीत की मुधर धुन कला प्रेमियों का मन झंकार उठा। तबले की संगत पर शास्त्रीय संगीत राग -धुन सुनाकर दर्शकों को मोहित कर दिया। सितार के तारों से निकलने वाली जादुई धुन से श्रोता आनंदित होते रहे। कलाकार ने बताया कि उन्हें सितार वादन का बचपन से शौक रहा है। सितार का वादन मैं पूरे साधना व लगन से करता हूं। दर्शकों व संगीत प्रेमियों की सराहना से प्रेरणा मिलती है।

### बांस गीत के धुन सुन अभिभूत हुए

बांस गीत वाद्ययंत्र वादक कलाकार गुरुदयाल व साथियों ने पारंपरिक बांस गीत धुन सुनाकर कला प्रेमियों को झूमने पर मजबूर किया। मुक्ताकाशी मंच पर देर रात बांस गीत की धुन बजती रही। कलाप्रेमी दर्शकों का मन पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर मंत्रमुग्ध होते रहे। बांस गीत वाद्ययंत्र वादक कलाकार की दर्शकों ने खूब सराहना की।

## सिटी स्पोर्ट्स

### स्वस्थ और नशामुक्त भारत बनाने नमो युवा रन 21 को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से स्वस्थ और नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए नमो युवा रन का आयोजन 21 सितंबर रविवार को सुबह 07 बजे से मरीन ड्राइव, तेलीबांधा तालाब से सुभाष स्टेडियम तक किया जा रहा है। जिसमें प्रथम स्थान को 25,000, द्वितीय को 15,000, तृतीय को 10,000 चतुर्थ एवं पंचम को 5,000 - 5,000 , छठे से दसवें स्थान में प्रत्येक को 2,000 महिला और पुरुष वर्ग में पृथक-पृथक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। पंजीयन हेतु लिंक भी उपलब्ध कराया गया है।

### सब जूनियर स्टेट वेटलिफ्टिंग में रायपुर जिला बालिका टीम उप विजेता




**रायपुर।** बालोद में 12 से 14 सितंबर तक आयोजित सब जूनियर स्टेट वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रायपुर जिला के बालिका टीम को उप विजेता का खिताब मिला है। इसके अलावा बालक वर्ग में बेस्ट लिफ्टर ऑफ छत्तीसगढ़ का खिताब चिरंजीव भारती को मिला है चिरंजीव ने 88 किग्रा स्नैच और 111 किग्रा क्लीन एंड जर्क कुल 199 किग्रा वजन उठाया। इनके अलावा बालक वर्ग में चिरंजीव भारती, 56 किलोग्राम में स्वर्ण पदक,अंकित भारती, 60 किलोग्राम में स्वर्ण ,लोकित तारक, भागीदारी, हनी वर्मा, भागीदारी, हर्षल राहंगडाले, भागीदारी, हरीश मार्कण्डेय, भागीदारी,दीपांशु लहरें, भागीदारी, सिद्धार्थ चेलक, भागीदारी और बालिका वर्ग में प्रीतू साहू 63 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, श्रेया साहू +77 किलोग्राम में रजत पदक, शगुन साहू, भागीदारी, देविका साहू, भागीदारी,गीतांजलि जांगड़े, भागीदारी, कीर्ति निषाद, भागीदारी, दामिनी यदु, भागीदारीऔर मानसी वर्मा, भागीदारी शामिल हैं। रायपुर जिला के 8 बालक एवं 8 बालिका कुल 16 खिलाड़ियों ने भाग लिया था टीम के कोच दीपक धीवर एवं योगानंद खरे थे वहीं टीम मैनेजर का दायित्व फाल्गुनी साहू एवं दिव्या सिन्हा ने निभाया।

इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को रायपुर जिला के संरक्षक रज्जन श्रीवास्तव, राजेंद्र सिंह यादव, बुधराम सारंग, अध्यक्ष राधेश्याम साहू,वरिष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष एवन कुमार जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगरत्न गेडाम, उपाध्यक्ष चैतराम अग्रवाल, संजय कोपुलवार, डेविड राजू, सचिव रुस्तम सारंग, सह सचिव दीपक यादव, कार्यकारिणी सदस्य शशि साहू, हरिकिशन साहू, ओम चौहान, नवीन देवदास एवं अन्य पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी है।

### दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अंडर 16 वर्ग के खिलाड़ी चयनित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ रायपुर के खेल कैलेंडर 2025 निर्देशानुसार, दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सत्र 2025 के अंडर 16 के क्रिकेट खिलाडियों का ट्रायल 14 सितंबर को सुबह 9:00 बजे पं रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आयोजित किया गया I चयन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के आब्जर्वर मो तस्लीम, सचिव प्रमोद पारख, मुख्य चयनकर्ता आशीष सूर्यवंशी, चयनकर्ता, शमीम मिर्ज़ा, गुरमीत भोगल, कौशल वर्मा, ट्रायल कोऑर्डिनेटर सुरेश साहू, ओम साहू, कोच-ट्रेनर इन्दर कौर, कोंडल राव, रवि चौबे, भारत सोनी, मो. रिजवान की देख रेख में किया गया I ट्रायल में दुर्ग जिला के विभिन्न जगह – दुर्ग, भिलाई, बालोद, रायपुर, दल्ली-राजहरा, कुम्हारी, पाटन के 49 खिलाडियों ने ट्रायल्स में भाग लिया I अंडर -16 के चयनित खिलाड़ी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के ट्रेनिंग कैंप, सिलेक्शन मैच एवं बोर्ड टूर्नामेंट में भाग लेंगे I अंडर 16 के चयनित खिलाडियों में वेदांत पांडेय, विश्वदीप साहू, हेमंत साहू, शक्ति श्रीवास, मो हन्नान कुरैशी, अर्हम जैन, दर्शील साहू , जैकी चौधरी, सौरभ भारती, धैर्य नीरजा, छायांश रावत, वंश सोनकर, संगम सिंह भाटिया, आदित्य पांडा, कृतिवास चव्हाण, कृष्ण रंजन चंद्राकर, जावेश साहू, अभय बेसफोर, संदिपक यादव, अंश अग्रवाल, अक्षय पटेल, वंश अग्रवाल, रुद्र प्रताप साहू, भव्य पीयूष नरशिहे और यश साहू शामिल हैं।

## किडनी की सेहत का पूरे शरीर पर होता है असर

# अपनी इन आदतों से आप खुद नुकसान पहुंचाते हैं अपनी किडनी को, तुरंत हो जाइए सावधान

किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। खून को साफ करने, शरीर से अपशिष्टों को बाहर निकालने से लेकर रसायनों को संतुलित करने में इस अंग की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जाती है। अगर इस अंग में कोई भी समस्या हो जाए या किडनी ठीक तरीके से काम करना बंद कर दे तो इसका असर संपूर्ण स्वास्थ्य पर हो सकता है। लाइफस्टाइल और खान-पान की गड़बड़ी ने किडनी की बीमारियों के खतरे को काफी बढ़ा दिया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हम में से ज्यादातर लोग रोजाना जाने-अनजाने कई ऐसे काम करते रहते हैं जिससे इस महत्वपूर्ण अंग के गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। किडनी की क्षति के शुरुआती चरणों में आमतौर पर कोई भी लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। हालांकि, जैसे-जैसे समस्या बढ़ती जाती है और किडनी सही तरीके से काम नहीं कर पाती है, लोगों को कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। किडनी का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। आइए उन आदतों के बारे में जानते हैं जो किडनी की सेहत के लिए खतरनाक हैं और इनमें तुरंत सुधार करने की जरूरत है।



### किडनी को कैसे रखें स्वस्थ?

किडनी की स्वस्थ बनाए रखने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाना सबसे जरूरी है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीना, संतुलित आहार का सेवन, नियमित व्यायाम करना और हानिकारक आदतों से बचना किडनी की लंबी उम्र और स्वस्थ कार्यक्षमता के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी कई आदतें ऐसी हैं जिन्हें अधिकतर लोग तो बहुत सामान्य मानते हैं पर असल में इससे किडनी को गंभीर नुकसान होता है।

### पानी की कमी से खतरा

किडनी को स्वस्थ रखने के लिए सबसे जरूरी है पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना। सभी लोगों को प्रतिदिन 8-10 गिलास पानी पीने की आदत बनाने की सलाह दी जाती है। अगर आप कम पानी पीते हैं तो ये आदत किडनी के लिए सबसे नुकसानदायक है। जब आप पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीते हैं, तो किडनी को रक्त से विषाक्त पदार्थों को ठीक से छानने में कठिनाई होती है। विषाक्त पदार्थ किडनी में ही जमा होने लगते हैं इससे किडनी की कार्यक्षमता पर असर पड़ सकता है। किडनी स्टोन के लिए भी यही प्रमुख कारण है।

### कहीं आप भी तो नहीं खाते हैं ज्यादा नमक?

अधिक नमक खाने को ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ाने वाला माना जाता है। पर क्या आप जानते हैं कि इससे किडनी को भी गंभीर क्षति होती है। नमक में मौजूद सोडियम की मात्रा किडनी पर दबाव डालती है और रक्तचाप को बढ़ा देती है। उच्च रक्तचाप किडनी की रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगता है। इस तरह की दिक्कतों से बचे रहने के लिए नमक का सेवन कम से कम करें और प्रोसेस्ड फूड्स भी कम खाएं।

### धूम्रपान बहुत हानिकारक

धूम्रपान और शराब की आदत भी किडनी के लिए खतरनाक है। धूम्रपान की आदत रक्त वाहिनियों को संकुचित कर देती है, जिससे किडनी तक रक्त का प्रवाह कम हो जाता है। इससे किडनी की कार्यक्षमता में कमी आ सकती है और कैंसर तक का खतरा हो सकता है। धूम्रपान छोड़ना किडनी और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है।

### ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की दिक्कत

यदि ब्लड प्रेशर और डायबिटीज कंट्रोल में नहीं रहता है तो इससे भी किडनी को क्षति पहुंचने का जोखिम रहता है। हाई ब्लड प्रेशर रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इससे किडनी फेलियर का खतरा भी बढ़ जाता है। डायबिटीज रोगियों में किडनी की बीमारियों का खतरा और भी अधिक होता है। बचाव के लिए नियमित रूप से रक्तचाप और शुगर की जांच करवाएं और डॉक्टर के निर्देशानुसार दवाइयों का सेवन करें।





### छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ ने निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को दी नई उड़ान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण शिविर का भव्य समापन बुधवार को होटल बेबीलॉन इन, रायपुर में हुआ। इस शिविर का मार्गदर्शन देश के प्रतिष्ठित ग्रैंड मास्टर प्रवीण थिपसे (अर्जुन अवार्डी, अनेक बार राष्ट्रीय चैम्पियन एवं सात बार भारतीय टीम के ओलंपिक प्रतिनिधि) ने किया।

मुख्य अतिथि सीए ओ.पी. सिंघानिया (फेलो चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं प्रतिष्ठित प्रोफेशनल लीडर) ने अपने उद्बोधन में कहा कि "शतरंज केवल खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और सोचने की क्षमता का माध्यम है।" उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी उद्योगपतियों और समाजसेवियों से संघ का सहयोग करने की अपील की तथा भविष्य में भी इस प्रकार के निःशुल्क सामाजिक आयोजनों में संघ को सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही, उन्होंने संघ के सभी सदस्यों को विशेष बधाई और शुभकामनाएँ भी दीं। विशिष्ट अतिथि एवं सह-प्रायोजक भूपिंदर सिंह खनूजा (मैनेजिंग डायरेक्टर, बैबिलोन इंटरनेशनल एवं बैबिलोन इन) ने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारते हैं बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाते हैं। मंचासीन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव श्री वी.के. राठी ने कहा कि "इस शिविर से बच्चों को केवल खेल की बारीकियाँ ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों को भी सीखने का अवसर मिला




है। संघ का उद्देश्य है कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाएं।" छत्तीसगढ़ शतरंज महासंघ के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया ने सभी बच्चों को भविष्य के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा सभी सदस्यों को इस सफल आयोजन की बधाई दी। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के वरिष्ठ अध्यक्ष एम. चंद्रशेखर ने इस सफल आयोजन पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन संघ के उज्ज्वल भविष्य और नई प्रतिभाओं के उभरने का प्रतीक है। चंद्रशेखर ने विश्वास जताया कि यह प्रशिक्षण शिविर नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा और छत्तीसगढ़ शतरंज को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगा। धन्यवाद ज्ञापन संघ के सह सचिव श्री आनंद अवधीया द्वारा किया गया। उन्होंने मीडिया, होटल प्रबंधन, संघ के सभी सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं सभी सहयोगियों की ओर से अध्यक्ष के प्रति हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्वच्छता को जिंदगी का हिस्सा बनाएं खिलाड़ी : साव

**रायपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा "स्वच्छता ही सेवा – 2025" अभियान का शुभारंभ बुधवार को हुआ। स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी एवं खिलाड़ियों, खेल संघ के पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से स्टेडियम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। मुख्य अतिथि सहित खिलाड़ियों तथा अधिकारियों ने कोटा स्टेडियम प्रांगण में झाड़ू लगाकर सफाई अभियान का शुभारंभ किया तथा स्वच्छता का संदेश दिया। स्टेडियम स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किया गया और खिलाड़ियों को हैंडवाश का वितरण किया गया।




संचालक खेल एवं युवा कल्याण तनुजा सलाम ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता ही सेवा का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं नागरिकों में स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें "स्वच्छ परिसर – स्वस्थ समाज" का संदेश देना है। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव सुखनाथ अहिरवार, रश्मि ठाकुर उपसंचालक, रवि अग्रवाल उप संचालक वित्त, जितेंद्र नायक युवा कल्याण अधिकारी, शिवराज साहू खेल अधिकारी, प्रवेश जोशी खेल अधिकारी, सुशांत पॉल खेल अधिकारी, गिरीश शुक्ला खेल अधिकारी, छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ के जी एस बाम्बरा, छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के सचिव आयुष मुरारका, वॉलीबॉल एसोसिएशन से मोहम्मद अकरम खान, क्रीड़ा भारती से संजय शर्मा, केनोइंग कयाकिंग एसोसिएशन से प्रशांत रघुवंशी, स्कूल शिक्षा विभाग से संजय शुक्ला, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी, खेल अकादमी रायपुर के खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

क्लीन किचन
प्योर वेज थाली (पार्सल)
110/-,160/-, 210/-
पार्सल हेतु संपर्क करें :
रायपुर हॉस्टल
पेंशनबाड़ा, पुलिस पब्लिक स्कूल के सामने, रायपुर
✆ 88780 00127, 79998 44943
AC, Non-AC रूम उपलब्ध 24X7
: कॉल करें :
बॉयज़ एवं गर्ल्स पी.जी.
सर्वसुविधायुक्त, शुद्ध शाकाहारी भोजन व नाश्ता
किटी पार्टी, बर्थ डे पार्टी के लिए उपयुक्त
स्टूडेंट्स हेतु मासिक भोजन पर 10% छूट
4 थाली पर 1 थाली FREE (पार्सल)
शुगर फ्री थाली
LOW CALORY
आलू, प्याज, लहसून रहित पौष्टिक एवं शुद्धतापूर्ण हाईजेनिक

नये जमाने की जरूरत
www.astrologywithaura.com
aura astrology
कुण्डली- स्वास्थ्य- चक्र -औरा में एक साथ सुधार
50 सालों में बहुत कुछ बदल गया... नये फार्मूले की जरूरत
रंगों का जीवन में महत्व, जन्म का सही समय नहीं, मिट्टी से संपर्क नहीं, मिलावटी गहने, रत्नों पर सावधानी
राजेश श्रीवास्तव, 11 ए, रवि नगर, पंडरी, रायपुर (छग) 98267 09504, 76929 51173

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन)
एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए
100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar
TEXMO
C.R.I. PUMPS
Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

| | | |
|---|---|---|
| जेकार्ड 4x6, 15 किलो 750/- | चेक कपड़ा 4x6, 15 किलो 650/- | चेक कपड़ा 4x6, 12 किलो 600/- |
| जेकार्ड कपड़ा 3x6, 12 किलो 700/- | सादा गद्दा 3x6 200/- | सादा गद्दा 3x6, 8 किलो 450/- |
| जेकार्ड कपड़ा 72x75, 30 किलो 3500/- सफेद रुई | जेकार्ड कपड़ा 72x75, 30 किलो 2200/- रंगीन रुई | फाईबर गद्दा डबल सिंगल तैयार |

3x6=350, 4x6=500
टेंट हाउस गद्दा, चैन कवर लगा हुआ
संजय रुई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र क्रं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार क्रय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।

WHERE EVERY RIDE IS A JOYRIDE
DYNAMO
Electric Vehicle
Offer Price 45000/-*
0% Down Payment
2 Year Warranty
3 सर्विस फ्री
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध | बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC
जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध )। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।

HORIZON OF STARS & PLANETS
(ASTRO NUMERO TAROT)
आपकी परेशानियाँ- पैसा, प्रोपर्टी, शादी, नौकरी, स्वास्थ्य, पारिवारिक समस्या, नकारात्मक्ता जैसी सभी परेशानियों का समाधान- कुंडली, अंक ज्योतिष एवं टैरो द्वारा किया जाएगा।
JAYTE B. TAAUNK
Dubey Colony Mowa, Raipur
7354987700, 8349299252

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

## खबर संक्षेप



### मछुवारा जागरूकता सम्मेलन 5 को, सीएम को दिया न्योता

**रायपुर।** इंडोर स्टेडियम बुढ़ापारा में 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय मछुवारा जागरूकता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारी भव्य रूप से चल रही है। राष्ट्रीय मछुवारा संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। साथ ही इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। संघ की अध्यक्ष गायत्री गायग्वाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के विधायक, सासंद, केंद्री मंत्री और राष्ट्रीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों का आगमन होना है। मुलाकात करने वालों में झूमक निषाद, ओमप्रकाश धीवर, तारामति ओझा, दीपक धीवर, मनहरण ढीमर, जितेंद्र कुमार फेकर, हेमंत धीवर आदि शामिल उपस्थित रहे।

### विशेष नवरात्रि पूजा 28 से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ आर्ट ऑफ़ लिविंग बैंगलोर की ओर से आर्ट ऑफ़ लिविंग का विशेष नवरात्रि पूजा का आयोजन किया जा रहा है। यह पूजा रायपुर, ग्रेसियस कॉलेज, राजिम रोड, अभनपुर जिला में बैंगलोर से आए वेद पंडितों और स्वामीजी के माध्यम से 28 से 30 सितंबर तक होगा यह कार्यक्रम गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के आशीवार्द से होगा। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि महागणपति होम, नवग्रह होम, सुब्रमण्यम होम, वास्तु होम 28 सितंबर को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगा। दूसरे दिन 29 को चंडी कलश स्थापना एवं चंडी पारायण महाचण्डी होम 30 को सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक रचना चतुर्वेदी, जिला संयोजक परेश पटेल, नीति मिश्रा, डॉ आशुतोष शुक्ला, बृजेश शुक्ला से संपर्क किया जा सकता है।

### जज्बा पायलट बनने का, एयरपोर्ट पर की नौकरी भरी ऊंची उड़ान

**रायपुर।** महावीर नगर निवासी



आयुष पवार ने अपनी कड़ी मेहनत से आर्थिक बाधाओं को पार करते हुए कामर्शियल पायलट का लाईसेंस हासिल कर 220 घंटे की फ्लाईंग ट्रेनिंग पूर्ण कर अपने सपनों की ऊंची उड़ान भरी तथा अपने समाज और छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया। जिसे अलग-अलग कार्यक्रमों में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक मोतीलाल साहू और एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।

### बलिदानी राजागुरु बालकदास फिल्म कल से




**रायपुर।** सतनामी फिल्म प्रोडक्शन रायपुर द्वारा फिल्म बलिदानी राजा गुरु बालकदास छत्तीसगढ़ और नागपुर के 31 सिनेमाघरों में 19 सितंबर से दिखाई जाएगी। इस फिल्म में सतनामी समाज सहित लाखों छत्तीसगढ़ वासियों की आस्था जुडी हुई है। फिल्म के निर्माता व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. जेआर सोनी व मीडिया प्रभारी चेतन चंदेल ने बताया कि गुरु घासीदास बाबा के द्वितीय सुपुत्र वीर बलिदानी गुरु बालकदास के जीवन दर्शन व शौर्य पर आधारित इस फिल्म में गुरुजी को बचपने से लेकर उनके बलिदान होने तक के सभी प्रसंगों को बखूबी दिखाया गया है। इस फिल्म में गुरु बालकदास की भूमिका ओम त्रिपाठी, गुरु आगरदास की भूमिका मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, शहीद वीर नारायण सिंह की भूमिका पूर्व मंत्री अमरजीत भगत तथा पंडित सूत्रधार की भूमिका पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने निभाया है।

# आहार नली में जा फंसा ब्लेड, डाक्टरों ने एंडोस्कोपी कर बचाई मरीज की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसिक अवसाद से ग्रसित मरीज ने शेविंग ब्लेड निगल लिया। ब्लेड पेट में जाने के बजाए आहार नली में जा फंसा और पखवाड़े भर से उसका खाना-पीना दुश्वार हो गया। मरीज की समस्या को जानकर मिडॉस हास्पिटल के डाक्टरों ने इंडोस्कोपिक सर्जरी के जरिए ब्लेड बाहर निकाला। कुछ दिनों तक डाक्टरों की निगरानी में रखने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

मिडास हॉस्पिटल के सीनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. सौरभ मुकेवार तथा उनकी विशेषज्ञ टीम ने मिलकर एंडोस्कोपिक सर्जरी को सफलतापूर्वक पूरा किया।



## छूट गया था खाना-पीना

### सामान्य रूप से खाना खा सकता है

डॉ. सौरभ ने बताया कि इस केस में कई जटिल चुनौतियां थीं, जिनमें रेज़र ब्लेड से हुई शारीरिक चोट का इलाज करना और मरीज को सही मानसिक स्वास्थ्य उपचार देना शामिल था। टीम के संयुक्त प्रयासों से रेज़र ब्लेड को सफलतापूर्वक अन्ननली से बाहर निकाला गया। उपचार का अच्छा असर दिखाया है और अब वह सामान्य रूप से खाना खा सकता है। उसे स्थिर हालत में हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गई है और आगे भी उसका सही तरीके से इलाज जारी रहेगा।

डाक्टरों ने बताया कि मरीज के परिजन जब उसे लेकर आए, तो जांच के दौरान पता चला कि वह लंबे समय से स्किज़ोफ्रेनिया से पीड़ित है। उसे भोजन निगलने में होने वाली कठिनाई की शिकायत पर मिडास हास्पिटल में भर्ती कराया गया था।

मनोचिकित्सक की मदद से गई पूछताछ में पता चला कि 40 वर्षीय मरीज को सायकोटिक डिप्रेशन की समस्या है, जिसमें उसे विभिन्न तरह की आवाज सुनाई देने का भ्रम होता है। इसी भ्रम के कारण उसने ब्लेड निगल लिया था। एंडोस्कोपी से जांच के बाद मरीज की अन्न नली में फुल-थिकनेस पर्फोरेशन पाया गया। इसके बाद सर्जरी की प्रक्रिया पूरी कर ब्लेड को बाहर निकाला गया।

## जर्जर वाहन से प्रदूषण बढ़ने के साथ बन रहे हादसों का कारण

# शासकीय स्क्रैप सेंटर में दो साल में एक हजार पुरानी गाड़ियों का हुआ है स्क्रैप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कंडम गाड़ियों को रोड से हटाने स्क्रैप पॉलिसी लागू हुए एक साल से ज्यादा हो गया है। बावजूद इसके वाहन मालिक अपनी पुरानी गाड़ियों की प्रदूषण जांच कराने के साथ फिटनेस कराने में ध्यान नहीं दे रहे। राज्य में 70 लाख से ज्यादा वाहन हैं। इनमें से चार लाख के करीब वाहन 15 साल या उससे ज्यादा पुराने हैं। इन दो वर्षों में महज एक हजार के करीब पुराने कमर्शियल वाहन के साथ निजी वाहन के मालिक अपनी 15 साल पुरानी गाड़ियों को स्क्रैप सेंटर लेकर पहुंचे हैं। केंद्रीय स्तर पर वर्ष 2021 में स्क्रैप पॉलिसी लागू हो गई है। राज्य में पहला स्क्रैप सेंटर 3 अक्टूबर 2023 को धनेली में चालू किया गया है।

- प्रदेश की सड़कों में दौड़ रही 70 लाख गाड़ियों में चार लाख वाहन 10 से 15 साल पुराने

स्वैच्छिक स्क्रैप पॉलिसी के तहत 10 साल से पुराने कमर्शियल वाहन और 15 साल से पुराने निजी वाहनों की अनिवार्य रूप से फिटनेस जांच एवं दोबारा रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इसका पालन नहीं करने पर वाहन की क्षमता के अनुसार पांच हजार रुपए जुर्माना से लेकर वाहन सीज करने का नियम है। बावजूद इसके वाहन मालिक नियमों को ताक पर रखकर गाड़ी कंडम होने के बाद भी चला रहे हैं। परिवहन विभाग के अफसरों के अनुसार उनकी उड़नदस्ता की टीम पुराने वाहन की फिटनेस जांच कर कार्रवाई करती रहती है। जिन गाड़ियों में खामियां पाई जाती हैं, उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की जाती है।


फाइल फोटो

### इसलिए फिटनेस जरूरी

सड़कों पर दौड़ रहे कंडम वाहन से हादसा होने का खतरा बना रहता है। बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहन को चलाने से हादसा होने पर किसी भी संबंधित वाहन मालिक के खिलाफ कार्रवाई के साथ ही बीमा का लाभ भी नहीं मिलेगा। जांच के दौरान पकड़े जाने पर चालानी कार्रवाई के साथ गाड़ी सीज करने का प्रावधान किया गया है।

**छह सौ से ज्यादा सरकारी गाड़ियां स्क्रैप**

परिवहन विभाग के डेटा के अनुसार अप्रैल 2024 से अगस्त 2025 तक 622 पुरानी सरकारी गाड़ियां जिनकी उम्र 15 साल हो गई है, उन गाड़ियों का स्क्रैप किया गया है। अफसरों के अनुसार शासकीय कार्यालयों में संचालित गाड़ियां 10 साल तक चल जाती हैं, उसके बाद उन गाड़ियों को नीलाम कर दिया जाता है। इस वजह से सरकारी विभागों में 15 साल पुरानी गिनती की रहती हैं।

### स्वेच्छा से स्क्रैप कराने पर यह मिलेगा लाभ

शासन द्वारा अधिकृत स्क्रैप सेंटर में वाहन स्क्रैप कराने पर वाहन मालिक को सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा। पुरानी गाड़ी की स्क्रैप वैल्यू से नई गाड़ी खरीदते समय एक्स शोरूम प्राइस पर 5 फीसदी तक का डिस्काउंट मिलेगा। इसके अलावा नए वाहन पर कोई रजिस्ट्रेशन फीस नहीं देनी होगी। नियमानुसार निजी वाहन के लिए 25 फीसदी और कमर्शियल वाहन पर 15 फीसदी तक का रोड टैक्स छूट का प्रावधान किया गया है, जहां वाहन को स्क्रैप कराने पर उसका मूल्यांकन कर पुराने वाहन की कीमत भी मिलेगी।

### कमर्शियस वाहन के लिए यह है नियम

नई यात्री बस और कमर्शियल मालवाहक गाड़ी खरीदी करने के बाद फिटनेस जांच में 2 वर्ष की छूट दी गई है। इसके बाद प्रथम 8 वर्ष तक दो-दो वर्ष और उसके बाद प्रतिवर्ष फिटनेस जांच कराना अनिवार्य है। वहीं दोपहिया और निजी चारपहिया वाहनों का नियमानुसार 15 वर्ष के लिए रजिस्ट्रेशन किया जाता है। निर्धारित अवधि के बाद उन्हें दोबारा रजिस्ट्रेशन के साथ ही फिटनेस जांच कराना अनिवार्य है।

# विभागों-अफसरों पर प्रोटोकॉल ड्यूटी की मार प्रभावित हो रहा कामकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के विभिन्न विभागों के कार्यालयों में तथा संबंधित विभागों के अफसरों पर प्रोटोकॉल ड्यूटी की मार से अब हर कोई परेशान हो रहा है। प्रोटोकॉल ड्यूटी में फंसे होने के कारण अफसर कार्यालयों में बैठ नहीं पा रहे हैं, जिसके कारण उनके विभाग का कामकाज प्रभावित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर कार्यालयों में अफसरों के अनुपस्थित रहने के कारण आम लोगों के न ही काम हो पा रहे हैं और न ही लंबित प्रकरणों में सुनवाई हो पा रही है। यह स्थिति बुधवार को भी कई शासकीय कार्यालयों में देखने को मिली।

- काम अटकने से लोग भी हो रहे परेशान

हरिभूमि ने कलेक्टोरेट, तहसील सहित अन्य विभिन्न विभागों के कार्यालयों की पड़ताल की। इस दौरान ज्यादातर कई विभागों में अफसर गायब मिले। वहां कार्यरत कर्मचारियों से पूछताछ में पता चला कि अफसर आए थे, लेकिन प्रोटोकॉल ड्यूटी होने के कारण जल्दी निकल गए, वहीं कई विभागों के अफसर तो कार्यालय ही नहीं पहुंचे। वे सीधे प्रोटोकॉल ड्यूटी करने पहुंच गए। इन अफसरों की ड्यूटी प्रोटोकॉल के तहत इंडोर स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम से लेकर केंद्रीय महिला मंत्री के आगमन सहित अन्य कार्यक्रमों में लगाई गई थी।



### फुर्सत में दिखे कर्मचारी आम लोग भी बैरंग लौटे

अफसरों के प्रोटोकॉल ड्यूटी में व्यस्त होने के कारण विभिन्न विभागों के कार्यालयों में कामकाज भी नहीं हो पाया। इन कार्यालयों में उपस्थित कर्मचारी दिनभर फुर्सत में दिखे, वहीं जो लोग काम लेकर पहुंच भी रहे थे, तो उन्हें अफसरों के नहीं होने की जानकारी देकर उन्हें लौटाया जा रहा था। कई लोगों को तो इसकी जानकारी ही नहीं थी कि विभागों में अफसर आज नहीं बैठेंगे। इसके कारण लोग अफसरों से मिले बगैर लौट गए।

***पूर्व सूचना जारी किए बिना बढ़ा दी गई सुनवाई की तारीख*** : कलेक्टोरेट स्थित भाड़ा नियंत्रण कोर्ट, राजस्व कोर्ट, नजूल कोर्ट, तहसील न्यायालयों में आज कई केस की सुनवाई होनी थी। इस सुनवाई की तारीख पहले से तय थी, लेकिन अचानक अफसरों की प्रोटोकॉल ड्यूटी लगा देने के कारण सभी कोर्ट में सुनवाई की तारीख भी बढ़ा दी गई।

# रिंग रोड पर एक्सीडेंट में एक की मौत, पत्नी, बच्चे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व सड़क दुर्घटना में एक कार चालक बाइक चालक को ठोकर मारने के बाद दौ सौ मीटर तक घसीटते ले गया। बाइक चालक युवक की मौत हो गई। एक्सीडेंट में बाइक चालक की पत्नी और उसका दो साल का बेटा घायल हो गए। पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

- एक्सीडेंट के बाद कार चालक ने बाइक सहित बाइक में फंसे युवक को दो सौ मीटर घसीटा

पुलिस के मुताबिक एक्सीडेंट में राजा देवंदया की मौत हुई है। मृतक की पत्नी शिफा कौसर और बेटा अली रजा घायल हुए हैं। घायलों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों तथा मृतक के




परिजनों के अनुसार घटना दिनांक को राज दुर्ग से घर लौट रहे थे। रात 10 बजे के करीब रिंग रोड एक डीमार्ट के सामने कार सीजी 04 एलएफ 9695 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार कार चलाते हुए बाइक को पीछे से ठोकर मार दी। कार की ठोकर लगने से बाइक में सवार राज की पत्नी तथा बेटा उछलकर दूर फेंका गए और बाइक कार में फंस गई। कार चालक बाइक को दो सौ मीटर तक घसीटते ले गया। बाइक में सवार राजाभी घिसटता चले गया। राजा के सिर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# 26 भवन स्वामियों ने रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 7 के नगर निवेश अमले ने बुधवार को 26 भवन स्वामियों द्वारा रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए जमा कराई गई सुरक्षा राशि 4,22,632 रुपये को राजसात कर लिया है। संबंधित भवन स्वामी द्वारा निर्धारित समय सीमा में जल संरक्षण के लिए रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगवाने पर यह कदम उठाया गया। जोन के अधिकारियों का कहना है, निर्धारित सुरक्षा राशि को वापस लेने संबंधित भवन स्वामियों द्वारा आवेदन भी जमा नहीं किया गया।

- राशि राजसात, जोन 7 कमिश्नरी क्षेत्र का मामला

दरअसल, भवन निर्माण के लिए अनुज्ञा प्राप्त करते समय जोन 7 क्षेत्र के 27 भवन




स्वामियों ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने निर्धारित सुरक्षा राशि को एफडीआर के रूप में जोन 7 कार्यालय में जमा करवाया।

नियम अनुसार उन्हें अपने भूमि-भवन में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना था, पर उन्होंने ऐसा नहीं किया है। अब निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर नगर निगम जोन 7 का नगर निवेश विभाग प्रावधान के अनुसार राजसात की गई एफडीआर राशि से स 'बंधित स्थल पर रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने की कार्यवाही करेगा।

# विवेकानंद एयरपोर्ट पर उत्सवी माहौल यात्रियों का तिलक लगाकर वेलकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यात्री सेवा दिवस पर बुधवार को स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर उत्सवी माहौल रहा। आने वाले यात्रियों का पारंपरिक तरीके से तिलक लगाकर वेलकम किया गया। इस दौरान स्थानीय कलाकारों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम पेश किया गया। स्कूली बच्चों को एयरपोर्ट दिखाने के साथ वहां स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया।

- स्थानीय कलाकारों से समां बांधा, स्कूली बच्चों ने देखा एयरपोर्ट

विमानतल प्रबंधन द्वारा यात्री सेवा दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके लिए सुबह से ही तैयारी कर ली गई थी। विमानतल पर आने वाले और यहां से अपनी यात्रा शुरू करने वाले पैसेंजरों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। विमानतल के निदेशक किशोर कुमार लहरे ने बताया कि यात्रियों का पहली बार इस तरह पारपंरिक तरीके से स्वागत किया गया। इसके अलावा हमेशा गहमागहमी वाले टर्मिनल भवन के भीतर विभिन्न कार्यक्रमों की वजह से अलग माहौल था। यहां टर्मिनल के एराइवल गेट के भीतर छत्तीसगढ़ी लोक कलाकारों द्वारा नृत्य का आयोजन किया गया। यात्रियों को पिक





एंड ड्राप करने वाले टैक्सी चालकों के लिए नेत्र परीक्षण, स्टेक होल्डरों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा स्कूली छात्र-छात्राओं को एयरपोर्ट का भ्रमण कराकर वहां के कामकाज से अवगत कराया गया। इस दौरान देशभक्ति की भावना से प्रेरित चित्रकला सपर्धा का आयोजन किया गया।

# नवरात्रि पर्व पर निशुल्क डोंगरगढ़ दर्शन के लिए टिकट आरक्षण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर कालीमाता सेवा समिति द्वारा शहर के भक्तों के लिए निशुल्क डोंगरगढ़ दर्शन-10 का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 22 से 26 सितंबर तक शुरू रहेगी। डोगरगढ़ दर्शन-10 के लिए टिकिट आरक्षण बुधवार से प्रारंभ हो गया है।

पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी द्वारा पहली टिकट जितेन्द्र कुमार को देकर टिकट वितरण प्रारंभ किया गया। पहले ही दिन लगभग 40 प्रतिशत टिकट बुक हो गई। यह टिकिट आरक्षण पहले आओ पहले पाओं के तर्ज पर किया जा रहा है। माता भक्त अपना टिकिट आरक्षण समिति के इंदिरा चौक, श्याम नगर स्थित कार्यालय से सुबह 11 से दोहपर 2 बजे तक इसके बाद शाम 4 बजे से 6 बजे तक करवा सकते है। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज (पोल्ले) ने देते हुए बताया कि डोंगरगढ़ दर्शन-10




के दौरान चार बसों की व्यवस्था शहरवासियों के लिए की गई है और यह बसे प्रतिदिन सुबह 10 बजे रायपुर से डोंगरगढ़ रवाना होकर दर्शन के बाद भेजे यात्रियों को वापस लेकर रात 10 बजे आएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गुरमीत सिंह टोनी, दीपक पाठक, धीरज जोबानी, रोहित भारद्वाज, प्रशांत ठाकुर, मोहन ढीवर सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# अग्रसेन धाम में आज से महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का होगा मुख्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा महराजा अग्रसेन की जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य कार्यक्रम 18 सितंबर से सेरीखेड़ी के अग्रसेन धाम में आयोजित है। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल और सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल के आतिथ्य में शाम 6 बजे होगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, प्रचार-प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल, प्रमोद जैन ने बताया कि 19 मोहल्ले में कार्यक्रम के बाद मुख्य कार्यक्रम गुरुवार से अग्रसेन धाम में आयोजित किये जा रहे हैं। इस मौके पर अग्रवाल सभा द्वारा 19 मोहल्ला समितियों को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

- उद्घाटन समारोह का शुभारंभ शाम 6 बजे



अग्रसेन जयंती महोत्सव 18 से 22 सितंबर तक धूमधाम से राजधानी में मनाई जायेगी। गुरुवार से मुख्य कार्यक्रम का आगाज होगा। इस मौके पर देव लोक की लीला आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसमें दो लोगों की टीम होगी। एक को देवी और एक को देवता के रूप में आना होगा। इसके अलावा रामा पेंटिंग की प्रतियोगिता रखी गई है, जिसमें प्रतिभागी को राम नाम का उपयोग करते हुए आकर्षक पेंटिंग बनानी होगी।

पहले दिन के कार्यक्रम में ही मिनिएचर गार्डन थीम में प्रतिभागी को फ्लोर पॉट को प्लांट्स के साथ डेकोरेटेड करना होगा। बच्चों के लिए इस मौके पर किड्स कलाकार डांस कांपिटिशन होगा, जिसमें 12 वर्ष तक के प्रतिभागी अपने नृत्य कला का प्रदर्शन करने मौजूद रहेंगे। इसी तरह मैं तेरी परछाई की प्रतियोगिता में प्रतिभागी को एक दूसरे को बिना देखे एक दूसरे की दर्पण रूपी परछाई में डांस एवं नाटक करना है।

### ये होंगे शामिल

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, महामंत्री मनमोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रेम अग्रवाल, संगठन मंत्री योगी अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल प्रमोद जैन ने सभी अग्र बंधु से कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आव्हान किया है। संपूर्ण जयंती महोत्सव को सफल बनाने अग्रवाल सभा अध्यक्ष विजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन पर अग्रवाल महिला मंडल, युवा मंडल, युवती मंडल की टीम कार्य कर रही है।